
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



समर वेकेशन को ऐसे बनाओ..... अनोखा पक्षी पेलिकन....

वर्ष : 11 | अंक : 156 | लखनऊ, 24 मई, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पाकिस्तान को सीएम योगी की सीधी चेतावनी

## 75 वर्ष बहुत जी लिया, अब उसका समय आ गया है...

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दावा किया कि पाकिस्तान 75 साल से ज्यादा समय तक जीवित रहा है और अब उसके पास ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमान कथा मंडपम का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को नष्ट कर देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया, बल्कि पाकिस्तान ने पहले हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया और उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी।

भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सैन्य कार्रवाई में 124 आतंकवादी मारे गए। तो इसमें गलती भारत की नहीं बल्कि पाकिस्तान के उन लोगों की है जो वहां बैठे थे और आतंकवादियों को पनाह दे रहे थे। उन्होंने कहा, 'वे आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को तबाह कर देगा।' आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के पास 'अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। वैसे भी हमारे एक पूज्य संत ने कहा था कि आध्यात्मिक जगत में पाकिस्तान का कोई अस्तित्व नहीं है। याद रखिए कि जिस चीज का अपना वास्तविक अस्तित्व नहीं है, वह बनावटी है।'

उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान 75 साल से बहुत लंबा समय जी चुका है और अब उसका समय आ गया है। पाकिस्तान को उसके अपने कर्मों की सजा मिल रही है। आज भारत के वीर सैनिक पाकिस्तान को इतनी ताकत से जवाब दे रहे हैं कि हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डबल इंजन वाली सरकारों को श्रेय देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, 'हमें यह ध्यान रखना होगा कि चाहे व्यक्ति हो या समाज, जो रूढ़ि से हटकर चलेगा, वही कुछ नया कर पाएगा। रूढ़ि का अनुयायी बनकर न तो व्यक्ति का भला हो पाएगा और न ही हम लंबे समय तक अपना अस्तित्व बचा पाएंगे।'

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला के दरबार में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी और श्री रामलला के दरबार पहुंचे तथा दर्शन-पूजन किया। अयोध्या पहुंचने पर योगी का रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री सीधे ? हनुमानगढ़ी पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानजी की आरती की और दर्शन-पूजन किया। इसके बाद ह्यश्री हनुमत कथा मण्डपमह्न के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। वहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए राम मंदिर पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश तथा प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही न्यास के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की और मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति तथा परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किये जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की। योगी ने राम मंदिर में जारी निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करने के लिए भी कहा है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का पूरा सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली विधानसभा को डिजिटल बनाने की परियोजना पर काम शुरू



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने दिल्ली विधानसभा को डिजिटल बनाने की परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष मार्च की शुरूआत में अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई थी। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली विधानसभा के संपूर्ण डिजिटलीकरण के लिए सभी घटक, जैसे दृश्य-श्रव्य प्रणाली और नेटवर्किंग डैशबोर्ड, नेवा परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। इसमें हाई-स्पीड डेटा नेटवर्किंग के लिए हार्डवेयर स्थापित करना भी शामिल है। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए निविदा जारी कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना की लागत 15 करोड़ रुपये है तथा कार्य सौंपे जाने की तिथि से 50 दिन की समयावधि है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c
न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g
चांदी 96/ g
सेंसेक्स 82,530.74
निफटी 25,062.10


## भाषाई भूल थी, मैं बहन सोफिया और देश से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं : मंत्री विजय शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ऑपरेशन सिंदूर के बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने शुक्रवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि जयहिन्द, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मैं मन से बहुत दुखी एवं विचलित हूँ, मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर एवं सम्मान हमेशा रहा है। मेरे द्वारा कहे गये शब्दो से समुदाय, धर्म, देशवासियो को दुख पहुँचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी। मंत्री ने आगे कहा कि मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति एवं समुदाय को ठेस पहुँचाने, आहत करने का नही था, मैं भूलवश अपने द्वारा कहे गये शब्दो के लिये पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोफिया से, एवं समस्त देशवासियो से पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हूँ और पुनः हाथ जोडकर माफी माँगता हूँ। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन में सेना की प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में की गई अभद्र टिप्पणी के लिए विजय शाह की माफी को खारिज कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश पुलिस को मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का भी आदेश दिया।

# न्यूक्लियर ब्लैकमेल जैसी धमकी को जेब में रख के घूमता है भारत, जर्मनी से जयशंकर का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और वह कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। जयशंकर ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के तुरंत बाद बर्लिन आया हूं। भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। भारत कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा और भारत पाकिस्तान के साथ पूरी तरह से द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी वर्ग में कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। हम जर्मनी की इस समझ को भी महत्व देते हैं कि हर देश को आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा करने का अधिकार है।

जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बर्लिन में हैं। इससे पहले आज जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की एकजुटता के लिए भारत की ओर से चांसलर फ्रेडरिक मर्ज.को सराहना व्यक्त की, क्योंकि दोनों पक्षों ने भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझेदारी को गहरा करने के तरीकों की खोज की। एस जयशंकर ने कहा कि हम लगातार 8 दशक से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस सच्चाई को देखकर अब जागे हैं, उसके बारे में हम बहुत दिनों से जानते हैं और उसका सामना कर रहे हैं। हमारे पास दो कठिन पड़ोसी हैं- चीन और पाकिस्तान। हमारे लिए पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद वाली परेशानी हमेशा रही है। इसलिए हमने इस कठिन दुनिया में चुनौती को पूरी मजबूती के साथ झेला है।

जयशंकर ने पश्चिमी देशों, खास तौर पर यूरोपीय शक्तियों की पाकिस्तान के सैन्य शासकों के साथ ऐतिहासिक गठबंधन के लिए आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने भी सैन्य शासन का समर्थन नहीं किया है। पाकिस्तान में लोकतंत्र को इतने तरीकों से कमजोर नहीं किया है - जितना कि पश्चिम ने किया है। भारत ने सीमापार आतंकवाद और नागरिक लोकतंत्र के दमन में पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान की भूमिका को लगातार उजागर किया है।

### संक्षिप्त समाचार

## पहलगाम हमले के एक महीने बाद भी पर्यटकों का इंतजार कर रहा जम्मू-कश्मीर, अमरनाथ यात्रा से है उम्मीद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की गोली मारकर हत्या करने के एक महीने बाद शहर में पर्यटकों का आना कम हो गया है। इस घटना ने पहलगाम और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बड़ा झटका दिया है। स्थानीय लोग यात्रियों का इंतजार कर रहे हैं। पहलगाम होटल और मालिक संघ ने कहा है कि पिछले महीने में होटल में बुकिंग दर घटकर 10 प्रतिशत रह गई है, शहर के 1,500 से अधिक होटल खाली हो गए हैं। स्थानीय रेस्तरां, जिनके कर्मचारी अपनी आजीविका के लिए पर्यटकों पर निर्भर हैं, उन्हें भोजन परोसने के लिए ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। स्थानीय व्यापारी मोहम्मद अशरफ ने कहा कि मेरा मुख्य व्यवसाय वाहनों से जुड़ा है, जो पर्यटन से जुड़ा है। (पहलगाम में) पर्यटकों की हत्या हुए एक महीना हो गया है। ऐसा नहीं होना चाहिए था। उन आतंकवादियों ने जो किया, वह नहीं होना चाहिए था। उस दिन से पहलगाम सुनसान है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ये सभी गाड़ियाँ हैं, लेकिन उन्हें किराए पर देने वाला कोई नहीं है। फिर भी, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में या अगले साल पर्यटन फिर से फलेगा-फूलेगा। हमें सरकार पर 100% भरोसा है कि चीजें एक बार फिर से बेहतर होंगी। अब हम यात्रा (अमरनाथ यात्रा) पर अपनी उम्मीदें टिकाए हुए हैं, जिससे हमें थोड़ी कमाई हो जाएगी। अभी, कोई पर्यटक नहीं है। अशरफ ने बताया कि मैं 55 साल का हूँ, मैंने आतंकवाद देखा है। लेकिन यह पहली बार है जब पहलगाम में हमला हुआ है...यह हमारा दुर्भाग्य था। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो के दोषी को नहीं दी सजा

## कहा- पीड़ित को घटना से ज्यादा कानूनी प्रकिया से हुई परेशान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को सजा न देने का विकल्प चुना। यह निर्णय न्यायालय के इस आकलन के आधार पर लिया गया कि पीड़िता, जो अब वयस्क है, ने इस घटना को अपराध के रूप में नहीं देखा, तथा अधिक आघात घटना के बजाय कानूनी और सामाजिक परिणामों से उत्पन्न हुआ। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि यह घटना कानूनी अपराध की श्रेणी में आती है, लेकिन पीड़िता की धारणा वैधानिक व्याख्या से अलग है। न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता द्वारा झेली गई परेशानी मुख्य रूप से कानून प्रवर्तन, अदालती प्रक्रिया और आरोपी को बचाने के उसके संघर्ष के कारण थी।

अपराध के समय, व्यक्ति 24 वर्ष का था और उसे नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि, लड़की के वयस्क होने के बाद, दोनों ने शादी कर ली। अब यह जोड़ा साथ रह रहा है और अपने बच्चे की परवरिश कर रहा है। न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, जो न्यायालय को पूर्ण न्याय करने की अनुमति देता है, सजा सुनाने से मना कर दिया। पीठ ने कानूनी ढांचे में महत्वपूर्ण खामियों को रेखांकित करते हुए मामला आंख खोलने वाला बताया।

सर्वोच्च न्यायालय ने पीड़िता की यात्रा की एक गंभीर तस्वीर भी पेश की, जिसमें कहा गया कि सामाजिक मानदंडों, एक विफल कानूनी प्रणाली और परिवार के समर्थन की अनुपस्थिति के कारण उसे सूचित विकल्प से वंचित किया गया। न्यायालय ने कहा कि समाज ने उसका न्याय किया, कानूनी प्रणाली ने उसे विफल कर दिया और उसके अपने परिवार ने उसे छोड़ दिया। न्यायालय ने कहा कि पीड़िता अब आरोपी के साथ एक मजबूत भावनात्मक बंधन साझा करती है और अपने छोटे परिवार की बहुत रक्षा करती है। मामले की जटिलता के मद्देनजर, न्यायालय ने राज्य सरकार को कई निर्देश जारी किए और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भी नोटिस दिया, जिसमें एमिकस क्यूरी द्वारा दिए गए नीतिगत सुझावों पर विचार करने का आग्रह किया गया।


## भुगतान प्रणालियों के नियमन, पर्यवेक्षण के लिए छह-सदस्यीय बोर्ड बनेगाः आरबीआई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रिजर्व बैंक के गवर्नर की अगुवाई वाला छह सदस्यीय भुगतान विनियामक बोर्ड (पीआरबी) अब देश में भुगतान प्रणालियों का विनियमन एवं पर्यवेक्षण करेगा। इसमें केंद्र सरकार के तीन नामित व्यक्ति भी होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी है। इसके मुताबिक, नया निकाय भुगतान एवं निपटान प्रणाली नियमन एवं पर्यवेक्षण बोर्ड (बीपीएसएस) की जगह लेगा। पांच सदस्यीय बीपीएसएस की कमान भी आरबीआई गवर्नर के ही पास होती है लेकिन इसमें कोई सरकारी नामित व्यक्ति नहीं होता है। रिजर्व बैंक ने 21 मई को भुगतान विनियामक बोर्ड विनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। अधिसूचना के मुताबिक, भुगतान विनियामक बोर्ड (पीआरबी) की अध्यक्षता आरबीआई गवर्नर करेंगे जबकि भुगतान और निपटान प्रणाली के प्रभारी डिप्टी गवर्नर, केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित आरबीआई के एक अधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा नामित तीन व्यक्ति इसके अन्य सदस्य होंगे। हरेक सदस्य के पास एक वोट होगा। आरबीआई गवर्नर, डिप्टी गवर्नर और केंद्रीय बैंक के अधिकारी बोर्ड के ह्यपदेनह्न सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। पीआरबी भुगतान एवं निपटान प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी और कानून के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को स्थायी या तदर्थ आमंत्रित सदस्य के तौर पर बैठक में आमंत्रित कर सकता है जबकि आरबीआई के प्रमुख कानूनी सलाहकार बैठकों में स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे। बोर्ड की आम तौर पर साल में कम-से-कम दो बैठकें होंगी। सरकार ने भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 में संशोधन को अंतिम रूप देने के लिए आर्थिक मामलों के सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई थी।

# दुनिया के सामने बेनकाब हो गया पाकिस्तान : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पार आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता दुनिया के सामने उजागर हो गई है और कहा कि भारत ने इस महीने की शुरूआत में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकी संगठनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह में बोलते हुए शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन था। तीनों के एक साथ आने से ऑपरेशन सिंदूर का निर्माण हुआ।

शाह ने कहा कि हमारा देश कई दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई वर्षों से कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है, लेकिन उसे उचित जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनी और पहला बड़ा हमला उरी में हमारे सैनिकों पर हुआ, उन्हें जिंदा जलाने का दुस्साहस किया और हमने उरी के तुरंत बाद सर्जिकल स्ट्राइक करके पहली बार आतंकी ठिकानों में घुसकर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान दुनिया के सामने बेनकाब हो गया है। शाह ने कहा कि बीएसएफ ने गोली का जवाब गोले से दिया।

अमित शाह ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों को उनके परिवारों के सामने उनका धर्म पूछकर मार दिया गया...ऑपरेशन सिंदूर उस हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद 8 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था और ऑपरेशन के कुछ ही मिनटों के भीतर हमने नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिनमें से दो मुख्यालय थे। हमने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों, एयरबेसों को नष्ट नहीं किया। हमने केवल उन लोगों को दंडित किया जिन्होंने भारतीय धरती पर पाप किए थे।

# दिल्ली-एनसीआर में कोरोना की एंट्री, गुरुग्राम, फरीदाबाद में तीन लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दक्षिण-पूर्व एशिया में कोविड-19 के मामलों में उछाल के बाद, भारत में भी हाल के हफ्तों में कोविड-19 के नए मामले देखे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु से रिपोर्ट किए गए थे लेकिन अब इसकी रीच बढ़ गयी है दिल्ली एनसीआर में भी कोरोना के मरीजों को दर्ज किया गया है। हालाँकि, ज्यादातर मामले हल्के हैं और गंभीरता या मृत्यु दर से जुड़े नहीं हैं।

हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोविड-19 के कम से कम तीन मामले सामने आए हैं, एक अधिकारी ने गुरुवार (22 मई) को इसकी पुष्टि की। गुरुग्राम से कोरोना वायरस के दो और फरीदाबाद से एक मामला सामने आया। गुरुग्राम में हाल ही में मुंबई से लौटी 31 वर्षीय महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई। बिना किसी यात्रा इतिहास वाले 62 वर्षीय व्यक्ति में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। दोनों मरीजों को आइसोलेट कर दिया गया है।

फरीदाबाद में पल्ला इलाके के सेहतपुर निवासी 28 वर्षीय व्यक्ति जो सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता है, कोविड संक्रमित पाया गया। पिछले कई दिनों से बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित होने के बाद वह इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल गया था। वहां कराए गए कोरोना टेस्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई।

गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के डॉ. जेपी राजलीवाल ने बताया, 'गुरुग्राम में दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग उन पर नजर रख रहा है। उन्हें अपने परिवार से दूर रहने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान कर रहा है, ताकि उनके सैंपल की भी जांच की जा सके।' फरीदाबाद मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सफदरजंग अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर संक्रमित व्यक्ति के गले की लार के सैंपल उपलब्ध कराने को कहा है।

फरीदाबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रामभगत ने बताया, 'रिपोर्ट आने के बाद वैरिएंट की पुष्टि होगी। फिलहाल युवक और उसका पूरा परिवार स्वस्थ है।' देश में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के माध्यम से कोविड-19 समेत श्वसन संबंधी वायरल बीमारियों की निगरानी के लिए एक मजबूत प्रणाली भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति की बारीकी से निगरानी करने में सतर्क और सक्रिय बना हुआ है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं।

## आंधी-बारिश का प्रभाव, दूसरे दिन भी लखनऊ-दिल्ली के बीच चार फ्लाइटें निरस्त

लखनऊ : आंधी-बारिश व ओले पड़ने का असर विमान सेवाओं पर बरकरार है। शुक्रवार को भी लखनऊ-दिल्ली के बीच चार फ्लाइटें निरस्त रहीं। फ्लाइट निरस्त होने के पीछे एयरलाइंस ने यात्रियों को खराब मौसम वजह बताई है। निरस्त होने वाली चारों फ्लाइटें एयर इंडिया की हैं। एयरलाइंस का दावा है कि ये फ्लाइटें शनिवार को फिर शुरू होंगी। लखनऊ और दिल्ली समेत कई शहरों में एक दिन पहले गुरुवार को तेज आंधी और बारिश से फ्लाइट परिचालन पर असर पड़ा था। मौसम विभाग ने भी अगले तीन दिनों के लिए मौसम और खराब होने का अलर्ट जारी किया था। शुक्रवार को सुबह पांच बजे दिल्ली से लखनऊ आने वाली फ्लाइट एआई 2477 निरस्त रही। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआइ 2461 भी निरस्त रही। इसी तरह दिल्ली से लखनऊ रात 10 बजे आने वाली फ्लाइट एआइ 12460 और लखनऊ से 10:55 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआइ 2461 निरस्त रही।

# यूपी के 17 मंडलों में बनेंगे 'साइंस पार्क', बच्चों को मिलेगा विज्ञान का नया संसार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। प्रदेश के बच्चों के लिए विज्ञान सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगा। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) के बच्चों को अब जिज्ञासा से भरी और अनुभव आधारित शिक्षा मिलेगी, वो भी बिल्कुल नये और रोचक अंदाज में। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश के 17 मंडल मुख्यालय में "साइंस पार्क" की स्थापना की जाएगी। लखनऊ के रीजनल साइंस सेंटर की तर्ज पर यह साइंस पार्क बनेगा। इससे छात्र-छात्राएं अपने मंडल में ही साइंस पार्क का अनुभव ले सकेंगे। लखनऊ में रीजनल साइंस सेंटर है, इसलिए लखनऊ मंडल को छोड़ कर शेष 17 मंडल मुख्यालय में इस पार्क को स्थापित किया जाएगा। इस पार्क में



सौरमंडल की झलक, भूकंप सिम्युलेटर, न्यूटन का कैडल, मौसम केंद्र, ऊर्जा के नए माडल और भी कई इंटरएक्टिव प्रयोग की सुविधा रहेगी। यह पार्क न सिर्फ विज्ञान को रोचक बनाएंगे बल्कि बच्चों को आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक नियमों और आत्मरक्षा जैसी जरूरी बातों से भी जोड़ेंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। इन साइंस पार्कों में 20 से 25 स्टेम आधारित प्रदर्शनी होगी। गति, ऊर्जा, प्रकाश, पर्यावरण और आपदा प्रबंधन आदि के प्रयोगात्मक माड्यूल बनेंगे। आइआइटी और लखनऊ के आंचलिक विज्ञान केंद्र जैसे संस्थानों से तकनीकी सहयोग लेकर इसे तैयार किया जाएगा। साइंस पार्कों में बाल विज्ञान क्लब, विज्ञान मेले और स्टेम गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा ताकि बच्चे सिर्फ देखें ही नहीं, बल्कि खुद भी कुछ नया कर सकें, सीख सकें और अपनी कल्पनाशक्ति को उड़ान दे सकें।

### जीआइसी में एक एकड़ में बनेगा पार्क

स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा के अनुसार हर साइंस पार्क करीब एक एकड़ क्षेत्रफल में तैयार होगा। इसकी लागत चार करोड़ रुपये होगी। मंडल मुख्यालय में राजकीय इंटर कालेज और राजकीय बालिका इंटर कालेज में जहां एक एकड़ जमीन रिक्त है। वहां इस पार्क को बनाने की योजना है। जहां कॉलेज में जमीन नहीं उपलब्ध होगी, वहां नगर निगम के सहयोग से व्यवस्था की जाएगी। इस पार्क में खुला क्षेत्र अधिक रहता है, इसलिए इसे तैयार करने में अधिक समय नहीं लेगा। यह पार्क शिक्षा विभाग से संचालित होगा। इस पार्क के बनने से हर मंडल के स्कूली बच्चे विज्ञान के प्रयोगात्मक अनुभव को प्राप्त कर सकेंगे।

# लखनऊ सीबीआई कार्यालय में एएसआई की छाती में मारा तीर, बिहार निवासी आरोपित गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। गोली मारने, चाकू से वार करने और बम फेंकने की घटनाएं तो प्रायः होती हैं, लेकिन शुक्रवार को हजरतगंज जैसे पाश इलाके में प्रत्याशित और दुस्साहसिक वारदात हुई। एक सिरफिरे ने सीबीआइ कार्यालय में सहायक सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह पर धनुष से बाण चलाकर जानलेवा हमला किया। उसने वीरेंद्र पर कई तीर चलाए, जिसमें एक सीने पर लगा और वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।

आरोपित बिहार के मुंगेर का रहने वाला पूर्व रेलकर्मी दिनेश मुर्मु है। वह पहले भी एक पुलिसकर्मी पर बाण से हमला कर चुका है, जिसमें उसे चार साल की सजा हो चुकी है। घायल एएसआइ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह नवल किशोर रोड स्थित सीबीआइ ऑफिस में शुक्रवार सुबह गेट पर ड्यूटी कर रहे थे। उन्हें एक व्यक्ति आफिस के गेट के पास पेड़ के नीचे बैठा दिखा। उन्होंने जब उससे वहां बैठने का कारण पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने उससे जाने के लिए कहा तो उसने अपने झोले से धनुष-बाण निकाला और कई बाण चला दिए, एक बाण वीरेंद्र के सीने के दाहिने हिस्से में लगा और वह घायल होकर गिर पड़े। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल के मुताबिक, आरोपित दिनेश ने बताया कि वह वाराणसी में रेलवे में मेट पद पर तैनात था। वर्ष 1995 में लखनऊ सीबीआइ की ओर से की गई एक मामले की जांच में वह दोषी पाया गया था, उसका कहना है कि इसी आफिस में काम करने वालों की वजह से उसकी नौकरी चली गई थी। एसीपी ने बताया कि बाण में बहुत ज्यादा धार थी। यदि बाण ज्यादा गहरा लगता तो जान भी जा सकती थी। पुलिस की एक टीम बिहार भेजी जाएगी ताकि आरोपित के बारे में पता किया जा सके। हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेजा गया है। पहले भी क पुलिसकर्मी पर धनुष-बाण से हमला किया था पुलिस ने बताया कि आरोपित ने इससे पहले वर्ष 2012 में दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी पर धनुष-बाण से हमला किया था।

# खाद दुकानों पर छापेमारी, एक लाइसेंस निलंबित, चार को नोटिस जारी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अपर जिला कृषि अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई। कृषि विभाग की टीम ने शुक्रवार को खाद की गुणवत्ता और बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र की दर्जनों प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। मौर्य बीज भंडार दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गए। जिसकी जांच जारी है। दुकान संचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अनियमितताओं के चलते चार विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर बिक्री पर लगाई रोक इनमें लोधी खाद भंडार, यादव खाद भंडार, कुलदीप एग्रीकल्चर, मां लक्ष्मी कृषक सेवा केंद्र मलिहाबाद शामिल हैं। इनसे दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अपर जिलाधिकारी कृषि हर्षित त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों पर




लाइसेंस निलंबित दुकान की जांच करते कृषि अधिकारी

सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने और बाजार में हो रही गड़बड़ियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। कृषि विभाग ने खाद विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि या अभियान निरंतर चलता रहेगा। अगर किसी भी कृषक को कहीं भी खाद अधिक मूल्य पर दुकानदार बेच रहे हैं तो उसकी शिकायत स्थानीय कृषि अधिकारी या टोल फ्री नंबर पर करें। जिससे उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने पानी से जलमग्न रास्ते का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने शुक्रवार को वार्ड के बदाली खेड़ा में पानी से जलमग्न रास्ते का निरीक्षण किया। पैदल निरीक्षण करने के बाद उन्होंने विधायक राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त से यहां जल भराव की समस्या दूर करने के लिए 400 मीटर सीसी रोड और नाला निर्माण को लेकर सिफारिश की है। पार्षद ने विधायक, महापौर और नगर आयुक्त को शिकायत भेज कर कहा है कि बदाली खेड़ा कॉलोनी में इंटरलॉकिंग सड़क और नाली तो है, लेकिन रोड काफी नीची होने और जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यहां के घरों का पानी पूरे 24 घंटे बिना बारिश के भी सड़क पर ही भरा रहता है। इसकी वजह से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और ना ही औरतें घर से बाहर निकल पाती हैं। साथ ही यदि किसी कारणवश अचानक किसी को अस्पताल ले जाना पड़ जाए तो भी



बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया है कि इसकी वजह से यहां के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है, लोग घरों में बीमार रहते हैं, उनके घरों में भीषण दुर्गंध जाती है। जिससे वह ठीक से खाना तक नहीं खा पाते। पार्षद के मुताबिक यहां करीब डेढ़ सौ घर इस समस्या से पीड़ित हैं। यहां जल भराव की समस्या तभी खत्म हो सकती है, जब 400 मीटर सीसी रोड व नये नाले का निर्माण कराया जाए। इस भ्रमण के दौरान पार्षद के साथ मौजूद लोगों ने पार्षद को स्वयं उस पानी में चलने के लिए बाध्य किया। तब पार्षद ने खुद पानी में चलकर वहां के लोगों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बदाली खेड़ा के लोगों को आशवस्त किया कि विधायक, महापौर और नगर आयुक्त से मांग करके वह यहां की समस्या का निदान अवश्य कराएंगे। जिससे लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान पार्षद के साथ पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, छोटेलाल गौतम, विजेंद्र कुमार यादव, प्रमोद यादव, सजीवन लाल, राजू सिंह, शिवचरण, सावित्री देवी, रेखा पांडेय, किरन देवी, सरला रावत, नीतू, रामरति, सुखरानी, जय देवी, शिव देवी और शिव कुमारी सहित बदाली खेड़ा के कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# ई रिक्शा चालक को लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में लूट का आरोपी

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद पुलिस लुटेरों और चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है. अभियान के दौरान शुक्रवार को पुलिस ने एक लुटेरे को सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया. मलिहाबाद के कसमंडी खुर्द निवासी मनोज कुमार से बीते मंगलवार देर रात को चिंहूंटा मोड के पास अज्ञात लुटेरे ने रिक्शा को हाथ देकर रुकवा कर डरा धमका कर मनोज से 1500 रुपए और जरूरी दस्तावेज लूट लिए था। जिसका मुकदमा पीड़ित ने स्थानीय थाने पर दर्ज कराया था। जिसको लेकर रहीमाबाद पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बीते दिनों लूट को अंजाम देने वाला लुटेरा विनोद कुमार निवासी अहमदाबाद कटौली. खड़ौहां महदोईया मोड पर कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर पहुंचे एसआई करन सिंह, एसआई उपेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तभी वह पुलिस को देखकर भागने लगा इस बीच उसे दौड़ाकर पुलिस ने दबोच लिया। जिसके पास से जामा तलाशी में 1350 रुपए और एक बैग और पेंचकस बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है।

# आठ वर्ष बाद बेसिक शिक्षकों को मिली स्वैच्छिक स्थानांतरण की सुविधा, चमके चेहरे




**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद स्कूलों में लंबे समय से सामान्य स्वैच्छिक स्थानांतरण का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए खुशखबरी है। अब शिक्षक अपनी मर्जी से जिले के अंदर या बाहर किसी भी स्कूल में तबादले के लिए आवेदन कर सकेंगे। सरकार ने सेवा अवधि की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है और तबादला प्रक्रिया को पूरी तरह आनलाइन कर दिया है। शिक्षकों को आनलाइन पोर्टल पर अधिकतम 10 स्कूलों को वरीयता के आधार पर चुनने का विकल्प मिलेगा। हालांकि, केवल उन्हीं स्कूलों का चयन किया जा सकेगा जहां शिक्षक की जरूरत होगी। बेसिक स्कूलों में शिक्षक और छात्र अनुपात को संतुलित करने की दिशा में भी विभाग की यह एक कोशिश है। जिले के अंदर शिक्षकों को तबादले की सुविधा वर्ष 2017 में मिली थी। आठ वर्ष बाद शिक्षकों को इसका मौका मिल रहा है। वहीं, एक जिले से दूसरे जिले में आपसी सहमति (म्युचुअल ट्रांसफर) की सुविधा पहले से मिल रही थी। इस बार भी अभी म्युचुअल ट्रांसफर की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, शुक्रवार को स्वैच्छिक स्थानांतरण को लेकर शासन के जारी आदेश के अनुसार, यू-डायस पोर्टल पर दर्ज छात्र संख्या के आधार पर स्कूलों की जरूरत तय होगी ताकि छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित रह सके। ग्रामीण संवर्ग के शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में ही स्थानांतरित होंगे और शहरी संवर्ग के शिक्षक शहरी क्षेत्र में। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी और इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) द्वारा तैयार साफ्टवेयर के जरिए संचालित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज जल्द ही इस पूरी प्रक्रिया की तकनीकी रूपरेखा और समय-सारणी जारी करेगा। यह फैसला शिक्षा के अधिकार कानून 2009 और उत्तर प्रदेश सेवा नियमावली 2011 के तहत लिया गया है। इससे न केवल शिक्षकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में भी संतुलन आएगा।

# तेज आंधी-बारिश ने फसल व सोलर पैनल को पहुंचाया नुकसान

**अखिल भारतीय किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने की सरकार से मुआवजे की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में दो दिन पहले आए तेज तूफान ने आम के बागानों में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के चलते कई पेड़ों की डालियां टूट गईं और कच्चे आम जमीन पर गिर गए। इससे बागान मालिकों और ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर सरकार पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगाए गये सोलर पैनल भी उखड़ गये। वरिष्ठ भाजपा नेता व अखिल भारतीय किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों फसल व सोलर पैनल के नुकसान के लिए मुआवजा दिये जाने की मांग की है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में श्री चौहान ने लिखा कि तूफान के चलते टूटे आम अब मंडी में सस्ते दामों में बेचे जा रहे हैं। जिससे किसानों को लागत भी नहीं निकल पा रही है। इन बागानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस तूफान के चलते किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आए इस भयंकर तूफान ने क्षेत्र के किसानों, बागवानों और आम नागरिकों को अपूर्णीय क्षति पहुँचाई है। इस प्राकृतिक आपदा ने जिले के विभिन्न हिस्सों एवं जिले की प्रमुख फल पट्टी को प्रभावित किया है, और भारी हवाओं तथा तूफान के कारण आम के बागों को भारी नुकसान हुआ है। उधर सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना के तहत ग्रामीणों के घरों पर लगे सोलर पैनल भी इस तूफान में उखड़ गये। श्री चौहान का कहना है कि सरकार को जिले के प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल अधिकारियों की टीमें गठित कर फसलों, बागों, और अन्य संपत्तियों के नुकसान का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए। बागवानों व किसानों के साथ ही सोलर पैनल का नुकसान झेलने वाले ग्रामीणों को उचित को उनकी क्षति के अनुरूप उचित राहत राशि और मुआवजा प्रदान किया जाए।

# पंखे से लटकता मिला जरदोजी कारीगर का शव, पत्नी समेत पांच पर हत्या का आरोप

**मृतक की मां का आरोप आत्महत्या दिखाने के लिए शव को लटका दिया**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। जरदोजी कारीगर का का शव कमरे में लगे पंखे से चादर के सहारे लटका मिला। मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी और उसके भाइयों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच कर रही है।

मलिहाबाद नगर पंचायत के बशारत तरफदार चौधराना की रहने वाली सायरा बानो का आरोप है कि गुरुवार शाम करीब 6 बजे पुत्र वसीम अहमद और बहू शबाना के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते शबाना ने अपने भाई इमरान, सराफत, लल्लू व उसकी बहन ऊबैदा ने आकर वसीम के साथ मारपीट की थी।



मृतक वसीम फाइल – फोटो

जिसकी शिकायत शाम को पुलिस से कर दी गई थी। लेकिन शबाना अपने भाईयों व बहन के साथ अपने मायके हसनापुर चली गई थी। शुक्रवार सुबह पड़ोसी ने कमरे में वसीम का शव लटका देख सूचना दी। जब वहां जाकर देखा कि वसीम के गले में चादर का फंदा लगा हुआ है और चादर का एक छोर छत में पंखे से बंधा है साथ ही वसीम घुटनों के बल जमीन पर बैठा हुआ था। इससे ऐसा लगता है कि वसीम ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि बहू शबाना व उसके भाइयों व बहन ने मिलकर उसकी हत्या करने के बाद उसके शव को लटका दिया गया है। किसी बात को लेकर वसीम और शबाना में आए दिन झगड़ा होता रहता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक जरदोजी का कारीगर था। उसी से अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा निकाली विशाल तिरंगा शौर्य यात्रा

**यात्रा में चल रहे लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के लगाए नारे**

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे सरोजनीनगर में अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास से भाजपा द्वारा विशाल तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास से शुरू होकर एयरपोर्ट वीआईपी तिराहा होते हुए वापस एयरपोर्ट कमर्शियल तिराहे के पास पहुंची। वहां से वापस अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान यात्रा में चल रहे लोगों



ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। वहीं भारतीय सेना के पक्ष में भी जमकर नारे लगाए। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, स्थानीय पार्षद रामनरेश रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वार्ड अध्यक्ष राकेश तिवारी व सुनीता श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक अभय द्विवेदी व वीरपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजन गुप्ता, मीडिया प्रभारी राहुल मिश्रा, नीरू तिवारी, प्रेमलता, शिवनारायण, लक्ष्मण, सुमित दास, मुन्ना प्रताप सिंह, नवल प्रताप सिंह, ओम सोनी, मंडल महामंत्री रजनीश, कुलदीप, अनिल दुबे और तौफीक सहित सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम के तमाम भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# निलंबित सहायक निदेशक डॉ.राजेश का करीबी है एसटीएफ की गिरफ्त में आया नील विजय

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : संस्कृति विभाग में कालाकारों को मिलने वाली रकम हड़पने के लिए बड़ा सिंडीकेट काम कर रहा था। एसटीएफ ने भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में कालाकारों को मिलने वाली रकम में हेराफेरी करने के मामले में जिस इवेंट मैनेजर नील विजय सिंह को गिरफ्तार किया है, वह संस्कृति विभाग के कई अधिकारियों का करीबी रहा है।

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश

खासकर उसका संपर्क वाद्य यंत्र घोटाले में निलंबित सहायक निदेशक डा.राजेश अहिरवार से था। डा.राजेश ही भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के नोडल अधिकारी भी थे। पूरे मामले में संस्कृति विभाग के कई अधिकारियों व कर्मियों की भूमिका भी जांच के घेरे में है। एक महिला अधिकारी की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। ऐसे अन्य आयोजनों में भी कालाकारों को मिलने वाली रकम में घपले की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। कलाकारों को कम भुगतान किए जाने की मामले की विभागीय जांच भी शुरू हुई थी।

संस्कृति विभाग में वाद्य यंत्रों की खरीद के लिए सहायक निदेशक डा. राजेश अहिरवार की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। वाद्य यंत्रों की खरीद में धांधली सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लिया गया था। विशेष सचिव रविंदर कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर खरीदे गए वाद्य यंत्रों की जांच प्रयागराज व मेरठ सहित कई जिलों से कराई गई थी। जांच में लोक कलाकारों को वितरित करने के लिए खरीदे गए वाद्य यंत्रों की गुणवत्ता भी सही नहीं पाई गई थी। घोटाला सामने आने पर संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कार्रवाई का निर्देश दिया था। मामले में बीते माह सहायक निदेशक डा. राजेश अहिरवार व वैयक्तिक सहायक कुलदीप सिंह को निलंबित कर दिया गया था। वहीं विभिन्न आयोजनों में स्थानीय कलाकारों को बुलाए जाने के बाद उनके भुगतान में हेराफेरी किए जाने के आरोप भी पहले से लगते रहे हैं।

## संक्षेप

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय काजीपुर कच्छ कम्पोजिट में रोमांचक और शिक्षाप्रद ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने और विभिन्न रचनात्मक एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है। आज बच्चों को प्रभारी प्रधान शिक्षक कुलदीप विमल ने और शिक्षामित्र सुरैया द्वारा उपस्थित बच्चों को कंप्यूटर ज्ञान, स्मार्ट क्लास, योगाभ्यास, पौधों को पानी , वृक्षारोपण, जैसी विविध गतिविधियों को शामिल किया गया है। इन गतिविधियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक कराया गया है, जो उन्हें नए कौशल सीखने, अपनी प्रतिभा को निखारने और मजेदार तरीके से सीखने में मदद करेगा। जो प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने इस बात पर जोर दिया है कि शिविर में सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों का पालन किया जाएगा। कुलदीप विमल ने कहा, ₹हम अपने छात्रों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं जहाँ वे सीखने और बढ़ने के साथ-साथ अपनी गर्मियों का आनंद ले सकें। हमारा मानना है कि यह शिविर उन्हें न केवल नई चीजें सिखाएगा बल्कि उन्हें नए दोस्त बनाने और अविस्मरणीय यादें बनाने में भी मदद करेगा।

### अनियंत्रित डंफर ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत, साथी घायल

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार डंपर बाइक में टक्कर मारते हुए लखनऊ की तरफ भाग गया। टक्कर से बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस दोनों को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वही बाइक में पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको मामूली चोट लगने से घायल भेज दिया गया। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग हसनगंज बाजार के पास शुक्रवार को दस बजे बागर मऊ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मारते हुए लखनऊ की तरफ भाग गया। टक्कर लगने से बाइक सवार नसीम 32 पुत्र मोहम्मद यूनुस निवासी लतीफनगर थाना बंथरा लखनऊ व बाइक में पीछे बैठा नूर मोहम्मद 26 पुत्र अब्दुल खालिद नारायणपुर गांव थाना बंथरा लखनऊ घायल हो गए। पुलिस दोनो घायलों को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टर ने नसीम को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजन रो रो कर बेहाल हो गए। बाइक सवार नसीम बांगरमऊ किसी काम से जा रहे थे। मौत की सूचना से पत्नी सदाना ,पुत्र फैज 8 वर्ष व सल्या 7 वर्ष सहित परिजन रो रोकर बेहाल हो गए। क्राइम निरीक्षक रामबचन भारती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनो ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई जायेगी।

## डायरिया पर नियंत्रण के लिए जनजागरूकता बहुत जरूरी : सीएमओ

- सीएमओ सभागार में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक
- स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव, 24 मई। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में पीएसआई इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम गजेन्द्र सिंह और मैनेजर (एमआईएस एंड डाक्युमेंटेशन) डॉ. विभीषण ने कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। डायरिया से जुड़ी गलत धारणाओं और भ्रांतियों को भी दूर किया जाना चाहिए। पीएसआई इंडिया के गजेन्द्र ने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद उन्नाव के 53 प्रमुख स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया जा रहा है, ताकि जन-जन में जागरूकता की अलख जगाई जा सके। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की जा रही है। इसके अलावा अतिरिक्त छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनाने का कार्य किया जा रहा है। जुलाई तक करीब एक हजार आशा कार्यकताओं, एएनएम, आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण किया जाएगा। महिला आरोग्य समिति की सदस्यों का अभिमुखीकरण किया जा चुका है। पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण किया जायेगा और प्रचार वाहन का संचालन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार व अभिमुखीकरण के लिए दिए गए सुझावों को कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. जयराम सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम) इंतजार अहमद सिद्दीकी, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. रानू कटियार, डीसीपीएम जे.बी. पाण्डेय ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से अशरफ हुसैन उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सात जिलों उन्नाव, मुरादाबाद, मथुरा, फिरोजाबाद, बदायूं, गोंडा व श्रावस्ती और बिहार के तीन जिलों दरभंगा, सुपौल और पूर्णिया में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और विकास खंड कार्यालयों को दीवार लेखन के माध्यम से आच्छादित किये जाने की योजना है ताकि जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जा सकें। इसके साथ ही बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़कर ओआरएस कार्नर स्थापित करने और डायरिया केस की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा अभियान



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम की समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में पीएसआई इंडिया के मैनेजर प्रोग्राम गजेन्द्र सिंह और मैनेजर (एमआईएस एंड डाक्युमेंटेशन) डॉ. विभीषण ने कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। डायरिया से जुड़ी गलत धारणाओं और भ्रांतियों को भी दूर किया जाना चाहिए। पीएसआई इंडिया के गजेन्द्र ने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद उन्नाव के 53 प्रमुख स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया जा रहा है, ताकि जन-जन में जागरूकता की अलख जगाई जा सके। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की जा रही है। इसके अलावा अतिरिक्त छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनाने का कार्य किया जा रहा है। जुलाई तक करीब एक हजार आशा कार्यकताओं, एएनएम, आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण किया जाएगा। महिला आरोग्य समिति की सदस्यों का अभिमुखीकरण किया जा चुका है। पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण किया जायेगा और प्रचार वाहन का संचालन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार व अभिमुखीकरण के लिए दिए गए सुझावों को कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. जयराम सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम) इंतजार अहमद सिद्दीकी, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. रानू कटियार, डीसीपीएम जे.बी. पाण्डेय ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से अशरफ हुसैन उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से उत्तर प्रदेश के सात जिलों उन्नाव, मुरादाबाद, मथुरा, फिरोजाबाद, बदायूं, गोंडा व श्रावस्ती और बिहार के तीन जिलों दरभंगा, सुपौल और पूर्णिया में ह्यडायरिया से डर नहीं कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और विकास खंड कार्यालयों को दीवार लेखन के माध्यम से आच्छादित किये जाने की योजना है ताकि जन-जन तक डायरिया से बचाव के प्रमुख सन्देश पहुंचाए जा सकें। इसके साथ ही बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार (आईसीडीएस) और शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों और अस्पतालों को भी कार्यक्रम से जोड़कर ओआरएस कार्नर स्थापित करने और डायरिया केस की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## भीषण गर्मी के चलते अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। तीव्र गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में बुखार, डायरिया, लू और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मौसम में आई तेज गर्मी और उमस के कारण वायरल संक्रमण, डिहाइड्रेशन और पेट संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में सबसे अधिक भीड़ है। मरीजों को पंजीकरण और जांच के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। रक्त जांच के लिए विशेष रूप से भीड़ देखी जा रही है। सुबह से दोपहर तक मरीज जांच के लिए परेशान होते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग जल्दी बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी में जरूरी काम के लिए ही बाहर निकलें। साथ में छाता, पानी की बोतल और हल्के कपड़े रखें। गर्मी में शरीर से पानी की मात्रा तेजी से कम होती है। डॉक्टरों ने भरपूर पानी पीने और तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। दोपहर की तेज गर्मी में बाहर न निकलें। प्रशासन कर रहा अतिरिक्त व्यवस्था अस्पताल प्रशासन बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था कर रहा है। ओपीडी में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जांच केंद्रों पर भी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना है। उधर, निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में भी मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। जिले भर में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ पर काम का बोझ बढ़ गया है।

## जिला कारागार में बंदियों के लिए ओपन जिम की शुरूआत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ओपन जिम की शुरूआत की गई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जिम का उद्घाटन किया। यह सुविधा कारागार मुख्यालय की ओर से दी गई है। कार्यक्रम में जेल को तीन ISO प्रमाणपत्र भी मिले। ये प्रमाणपत्र स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों, पर्यावरण अनुकूलन और उत्तम प्रशासनिक व्यवस्था के लिए दिए गए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह, जेलर अरुण कुमार मिश्र और सभी उपजेलरों को प्रमाणपत्र सौंपे। इसके बाद अधिकारियों ने जेल का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय, पाकशाला और बैरकों का दौरा किया। बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में बात की। जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जेल की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कामकाज की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य में होगा सुधार अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उनका कहना था कि ऐसी पहल से बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यक्रम में जेल चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद सोनकर, उपजेलर प्रभाकान्त पांडेय, अविनाश कुमार, नीलम, मैत्रेयी शर्मा, भगवानदीन और फार्मासिस्ट मोहम्मद इरफान मौजूद रहे।

## आवास सर्व के नाम पर धन उगाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत मोहान में शहरी आवास योजना में आवास सर्वे के नाम पर लाभार्थियों से धन उगाही की गई। जिसके बावजूद पात्रों को अपात्र किया गया। तथा अपात्रों को पात्र किया गया। जिसपर चेयरमैन समर जीत यादव, सभासद प्रताप सैनी, पंकज, मनोज, बबलू, दीपू, अजय आदि सभासदों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर सूची की दुबारा जांच कराने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सर्वेयर और आवास सर्वे करने में लगी टीमें ने जमकर धन उगाई की। जिससे सैकड़ों अविवाहित और 12 से 15 साल के लड़कों को आवास का पात्र कर दिया। जबकि तमाम पात्र ऐसे है जिनके घर कच्चे है उन्हें अपात्र कर दिया। बताया कि सर्वेयर 2019 से कस्बे में जियो टैग कर उगाही कर रहा है। जिससे वह सूची में पात्रों को अपात्र और अपात्रों को पात्र कर उगाहीकी है। हर वार्ड में किसी किसी घर में दो दो आवास कर दिया तो किसी घर में एक भी आवास नहीं किया।

जिसकी दुबारा जांच की जाए। और दुबारा सूची बनाई जाए। जिससे पात्रों को आवास मिल सके।

## सफाई कर्मचारियों ने दिया लिखित बयान कार्यवाही का मिला आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड के सफाई कर्मचारियों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से की गई शिकायत पर गठित जांच अधिकारी के रूप में डीपीआरओ ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपुर पहुँचे जहा उन्होंने सफाई कर्मचारियो से लिखित बयान लेकर कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। सुमेरपुर ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों ने मुख्य विकास अधिकारी कृति राज से लिखित शिकायत कर बताया था कि सहायक विकास अधिकारी अनिल सिंह राणा पैसों की मांग करते है। साथ ही बेवजह नोटिस थमा सस्पेंड करने की धमकी दिया करते है। शिकायत को मुख्य विकास अधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा व खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी को जांच अधिकारी बना भेजा। जांच के दौरान उपस्थित सफाई कर्मियों से लिखित बयान लिए गए। डीपीआरओ आलोक सिन्हा ने बताया सफाई



कर्मियों से लिखित आरोप लिए गए है। रिपोर्ट बना मुख्य अधिकारियों को दी जाएगी। दोषी पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर सफाई कर्मियों के ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार यादव,राम गोपाल ,राजेन्द्र प्रसाद, सुधीर ,शिवबाबू,जैनेंद्र सिंह,लक्ष्मी शंकर।

## पारिवारिक कलह के चलते महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव भोलाखेड़ा ऊंचगांव निवासी बीरेंद्र पासवान की 28 वर्षीय पत्नी नेहा ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन सौ शैय्या अस्पताल बीघापुर लेकर पहुंचे जहां मौजूद डॉक्टर ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव भोलाखेड़ा ऊंचगांव निवासी बीरेंद्र पुत्र कंधईया की पत्नी ने शुक्रवार दोपहर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उल्टी होने पर परिजन सौ शैय्या हॉस्पिटल बीघापुर लेकर गए जहां मौजूद डॉक्टर श्वेता मिश्रा ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। मृतक के तीन बच्चे लवी 8 वर्ष, पल्लवी 7 वर्ष व दीपांशु 5 वर्ष है। घटना की सूचना मिलते ही सास रामवती, ससुर कंधईया, देवर सूरज का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका नेहा का पति अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता है पांच दिन पहले ही घर आया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि अस्पताल से आए मेमो के आधार पर उपनिरीक्षक को अस्पताल भेजा गया है, जहां से शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा जा रहा है। ससुराल व मायके पक्ष के लोगों द्वारा अभी तक थाने में कोई सूचना नहीं दी गई है। मृतका का मायका बीघापुर कोतवाली क्षेत्र का गांव खेमानखेड़ा थाना सरेनी जिला रायबरेली है।

## घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया सोने चांदी के जेवरात



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर में व्यापारी पप्पू गुप्ता के घर चोरी की वारदात हुई। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। घटना के समय परिवार के सदस्य छत पर सो रहे थे। चोरों ने कमरे के ताले तोड़कर बक्शा, अलमारी, सेफ और स्टोर रूम से सामान चुराया। उन्होंने नकदी, जेवरात और कीमती सामान के साथ बेटी के लिए रखे गए गहने भी ले गए। चोरी का पता सुबह तब चला जब परिवार के सदस्य नींद से उठे। नीचे के कमरे में बिखरा सामान और टूटे ताले देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। दोस्ती नगर चौकी प्रभारी अजय शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और वीर जवानों के सम्मान में शुक्रवार शाम भगवंतनगर कस्बे में विधायक आशुतोष शुक्ला के नेतृत्व में भारत शौर्य यात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकर्ताओं व देशभक्तों ने फूलमती मंदिर से बस स्टेशन होते हुए कस्बा भगवंतनगर तक यात्रा निकाली। सेना के शौर्य का सम्मान किया। इसके पहले पहलगाम आतंकी हमले और आपरेशन सिंदूर में बलिदानियों का स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने भारतीय सेनाओं के शौर्य पर कहा जब भी दुश्मन देश अपने देश पर गलत नजर डालेंगा भारतीय सेनाएं मुहतोड़ जवाब देंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला ने कहा हमको अपनी तीनों सेनाओं पर गर्व है। यात्रा के दौरान देशभक्तों द्वारा लगाए गए भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से कस्बा गुंजायमान हो गया। तिरंगा यात्रा में योगेश बाजपेयी, सुधीर शर्मा, महेश गुप्ता, बैजनाथ सिंह, मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, कमल किशोर दीक्षित, रामप्रसाद लोधी, नरेश मिश्रा, श्री कांत तिवारी,, संतन पाल, कल्लू तिवारी, सानू अवस्थी, अर्जुन लोधी, धुन्नर लोधी, राम सजीवन यादव, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## सरकारी पाइप से पानी भरने को लेकर हुआ विवाद दबंगो ने युवती को पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना सोहरामऊ क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार पर अक्सर पड़ोस में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है जिसको लेकर 22 मई को लगभग 12 बजे दोपहर पड़ोस के रहने वाले दीपू और केशू पीड़िता महिला के घर में घुस आए और युवती को गलत नियत से छूने लगे जिसके विरोध करने पर दोनों युवक धमकी देते हुए वहा से चले गए और बाद में अपने दो तीन और साथियों के साथ आकर पीड़िता के घर में घुस कर पीड़िता के साथ मार पीट की और जिससे पीड़ित युवती गंभीर रूप से घायल हो गई जहां से उनको पास के सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने बताया है कि उसने पुलिस में शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर उचित कार्यवाही करने को कहा है। अब देखना होगा कि आखिर पुलिस इस मामले में जांच कर क्या कार्यवाही करती है।

## बीसी सखी बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट से ग्रामीणों की बैंकिंग सेवाए हो गई आसान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश में महिलाए न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये प्रदेश की 50192 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरस्पीडेट) बनाने हेतु प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगार, मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि० (यूपीकॉन) ने 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) बना लिये हैं जो शेष बीसी सखी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से प्रदेश में समूहों के माध्यम से सखी बनाने का कार्यक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मिलकर किया जा रहा है। यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि० (यूपीकॉन) भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, वित्त एवं विकास निगम लि० के माध्यम से 500 अनुसूचित जाति के युवक युवतियों को रोजगार के अवसर देते हुए बीसी बनाए थे। बीसी सखी बनाने के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। बीसी सखी बनने के लिए योग्यता में कम से कम 10वीं कक्षा पास होना अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थी को कम्प्यूटर चलाना भी आना चाहिए, उस पर कोई वाद या पुलिस केस नहीं होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी के चयन से पहले एक छोटी सी परीक्षा भी ली जाती है। इसमें उत्तीर्ण होने वाली अभ्यर्थी बीसी सखी बन सकती है। बीसी सखी योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को सम्मानजनक काम मिलने के साथ लोगों की सेवा करने का भी बड़ा अवसर मिल रहा है। लोगों को तत्काल बैंकिंग सेवा मिलने से उन्हें खुद को भी खुशी होती है। बीसी सखी बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रत्येक माह एक निश्चित आमदनी का माध्यम बना है। उन्हें एक स्थायी रोजगार मिला है। बीसी सखी योजना के तहत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर देना रोजी-रोटी का एक बेहतर साधन बना है। इससे सबसे अधिक फायदा बैंक के ग्राहकों को हुआ है। उनको बैंक में लाइन लगाने और समय लगाना बंद हो गया है और बैंक तक जाने का समय किराया भी उनका बचा है। ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाएं लोग बीसी सखी से ले रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ सबसे अधिक बैंक ग्राहकों को मिल रहा है। सरकार की ओर से बैंकिंग सेवाओं को बड़ी सौगात खासकर गांव के लोगों को दी जा रही है। ग्रामीण पहले बैंक से पैसा निकालने और जमा करने में आने-जाने में जो खर्चा करते थे उसकी भी बचत हो रही है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में अभी तक 50192 बीसी सखी के आरएसईटीआई के माध्यम से आई0आई0बी0एफ0 द्वारा प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 39561 बीसी सखी ने कार्य करते हुए रू0 31626 करोड़ का लेनदेन किया है। इस लेन-देन से बीसी सखियों ने रू0 85.81 करोड़ का लाभांश प्राप्त किया है। प्रदेश सरकार की इस नीति से ग्रामीण स्तर पर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस कर्मी की मौत, दो युवक पुलिस हिरासत में

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बहराइच पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी वेदप्रकाश पाल का शव उनके पैतृक गांव उन्नाव में मिला है। वह छुट्टी पर घर आए थे। शुक्रवार को उनका शव गांव पुरवा के बाहर मिला। मृतक की नाक से मामूली रक्तस्राव हुआ था। शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। जानकारी के अनुसार, वेदप्रकाश गुरुवार शाम को गांव के तीन अन्य लोगों के साथ खाना पीना खा कर पार्टी की थी। इसके बाद देर रात उनका शव गांव के बाहर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे को जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया और और उनसे पूछताछ की जा रही है। बता दे कि पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना माखी पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में हत्या या दुर्घटना का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के पिता रामलखन पाल ने दो लोगों पर शक जताया है। एसपी भूकर के अनुसार मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## मूर्ति स्थापना समारोह के बाद भंडारे का किया गया आयोजन




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव गढ़ी मजरा सराय अख्तियारपुर में मां फूलमती देवी और श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने इस कार्यक्रम में पहुंच कर पूजा अर्चना की मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। भजन मंडली ने भजनों के माध्यम से बजरंग बली की महिमा का गुणगान किया गया कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। दोपहर एक बजे फूलमती देवी मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया श्रद्धालुओं में कृष्णचंद्र राठौर संदीप सिंह नरेंद्र कनौजिया नितिन कुमार धीरज राठौर पवन कुमार ज्ञानेंद्र कुमार कनौजिया समेत आस पास के हजारों की संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# कोरोना वायरस को हराने के लिए रहना होगा सतर्क

कोरोना की फिर से वापसी की आहट सुनाई देने लगी है। यह आशंका सताने लगी है कि क्या यह फिर से अपने पांव फैला सकता है। दिसंबर 2019 में चीन के वुहान से रहस्यमय तरीके से फैले इस वायरस ने कुछ ही महीनों में दुनिया के अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया था और मार्च 2020 में विश्व स्वस्थ्य संगठन ने इसे वैश्विक महामारी घोषित कर दिया। महज तीन साल के समय में वायरस की कई लहरों ने दुनियाभर में 70 लाख से अधिक लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। नवंबर 2023 में कोरोना वायरस की अंतिम लहर देखी गई थी, लेकिन बीते कुछ दिनों के दौरान एक बार फिर कोरोना की आहट सुनाई देने लगी है। एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। सिंगापुर में एक मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। यहां मामलों में 28 फीसदी का इजाफा हुआ है। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मुंबई के केईएम अस्पताल में सोमवार को 2 कोविड पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इसके अलावा भी अलग-अलग राज्यों में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर केरल का नाम है। केरल में इस वक्त कोविड-19 के सबसे ज्यादा मरीज हैं। प्रदेश में इस वक्त कोरोना के 69 मामले एक्टिव हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र है, जहां 44 मामले हैं। इसके अलावा तमिलनाडु में 34, कर्नाटक में 8, गुजरात में 6 और दिल्ली में करीब 3 मामले सामने आए हैं। हरियाणा, राजस्थान और सिक्किम में भी एक-एक मामले हैं। एशिया में कोरोना के मामले बढ़ने की वजह वायरस का नया वैरिएंट बताया जा है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट जेएन 1 और उसके सब-वैरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वैरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। इसके बावजूद सरकार ने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय कर दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार अलर्ट मोड पर है। डर है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। इसके चलते देशभर में सुरक्षा के उपाए किए जा रहे हैं। सरकार तो अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है। हमें और आपको भी कोरोना के नए वायरस को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। जैसे हमने पहले कोरोना को हराया है, इस बार फिर उसे हराना है। इसके लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। अगर आपको सूखी खांसी, नाक बहना या बंद होने, सिरदर्द, गले में खराश, बुखार और थकावट होने, स्वाद या गंध का महसूस न होने के साथ पाचन की दिक्कत हो रही है तो तुरंत खुद को दूसरों से अलग कर लें। घर से बाहर न निकलें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में न जाएं। बार-बार हाथ धोते रहें और हाथ मिलाने से पहरेज करें। बस ऐसे ही कुछ उपायों से हम कोरोना को सहजता से पराजित कर सकते हैं। डरें नहीं, सतर्क रहें।



आतंक विरोधी दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना जरूरी

> चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। 11 राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।

दुनिया में सबसे विकट, गंभीर और बर्बरता का पर्याय आतंकवाद वर्षों से मानवता का विध्वंसक बना हुआ है। इससे महज जान-माल का खतरा ही नहीं पैदा हुआ है बल्कि इंसानियत की हत्या आतंकवाद के जरिए हो रही है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इससे अत्यंत गम्भीर समस्याएं पैदा हुई हैं। अमेरिका, अफ्रीका, रूस, फ्रांस, जर्मन, जापान जैसे विकसित देश इसकी बर्बर हिंसक गतिविधियों से पीड़ित तो हैं ही, एशिया के तकरीबन सभी मुल्क जिसमें भारत सबसे ज्यादा आंतरिक और विदेशी (बाह्य) दोनों से गम्भीर रूप से पीड़ित है। भारत में आतंकवाद के कई कारण और रूप हैं, जिसमें राजनीतिक कारण सबसे अहम है, जिसमें अलगाववादी आंदोलन, जातीय संघर्ष, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव और पड़ोसी देश द्वारा सीमा से आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर आतंकवाद फैलाना शामिल है। धर्म या मजहब के नाम पर भी कट्टरपंथी सोच और हिंसा भी आतंकवाद का महत्वपूर्ण कारण है। वैचारिक मतभेद, हिंसा द्वारा विचारधारा को फैलाने के हथियार के रूप में इसका इस्तेमाल आम है। सामाजिक-आर्थिक असमानता भी आतंकवाद की एक वजह रही है जैसे वामपंथी नक्सलवाद का जन्म, जो बाद में हथियारबंद तथाकथित आंदोलन बन गया।

पिछले चार दशकों से भारत में कई खूंखार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुए हैं। ग्यारह राज्यों में दशकों से वामपंथी नक्सलवाद हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है जिसमें हजारों लोग और पुलिस बल (सेना के जवान भी) इसके शिकार हुए हैं। सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले और धर्म व मजहब के नाम पर हिंसा करने वाले, अपनी बात जबरन मनवाने वाले संगठन भारत में अराजकता फैलाने का काम करते रहे हैं। कुछ राज्यों में आतंकवाद की वजह से उद्योग, पर्यटन और दूसरे तमाम क्षेत्रों में रोजगार में कमी आई है। इससे शासन और सरकार की स्थिरता पर गहरा असर रहा है। साथ में, देशभर में अराकता का माहौल पैदा करने की इनकी कोशिश जगजाहिर है। यह देशों के बीच संघर्ष और तनाव पैदा करने का काम भी करता है। भारत में 2014 के पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल की सीमा से आतंकवादी घुसपैठ करते थे और बहुत बड़े पैमाने पर भारत में तकरीबन सभी राज्यों में बम विस्फोट और हिंसा की बर्बर घटनाएं आए दिन होती थीं, जिससे बड़ी तादाद में जान-माल का नुकसान होता था। कहना न होगा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद कानून व्यवस्था हर तरह से चाक-चौबंद की गई और आतंकवादी घटनाओं पर कुछ ही महीने में काबू पा लिया गया। लेकिन जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों की घुसपैठ पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इसी दौरान धारा 370 खत्म की गई और जम्मू-कश्मीर को पुनर्गठित कर तीन राज्यों कश्मीर, जम्मू और लद्दाख में विभाजित कर इन्हें केंद्र शासित घोषित कर दिया गया। केंद्र सरकार के पिछले दस वर्ष आजादी के इतिहास में कई विकट समस्याओं के समाधान वाले रहे हैं। यह सरकार की नीतियों में अमूलचूल बदलाव से संभव हुआ। विदेश नीति के मामले निर्गुट नीति की जगह 'सर्वगुट' नीति को अपनाया गया। गौरतलब है कि 1947 से 2013 तक भारत की विदेश नीति निर्गुट, समझौतावादी और हिंसा



का जवाब अहिंसा से देने की रही है। यही वजह है कि पिछले चार दशकों से अधिक समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाएं भारत में लगातार जारी रहीं। पानी की तरह पैसा बहाकर भी धारा 370 के लागू रहने की वजह से केंद्र का यहां सीमित हस्तक्षेप था, जिसकी वजह से आतंकवाद लगातार फलता-फूलता रहा। जाहिर तौर पर पिछले कई दशकों से आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यूं तो भारत में आतंकवादी गतिविधियां 50 के दशक में ही बड़े पैमाने पर चालू हो गई थीं। विश्वभर में वामपंथ के उत्थान के बाद आतंकवादी गतिविधियां दुनिया के तमाम मुल्कों में देखी जाने लगी थीं, जिसके जद में यूरोप, अमेरिका, जापान, जर्मनी और भारत जैसे अनेक देश आए, लेकिन भारत में आतंकवाद सबसे ज्यादा गंभीर, मुखर और बर्बर गतिविधियों का एक विस्तृत स्वरूप में जारी रहा है। इसलिए 1967 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम को संशोधित किया गया है जिसमें संघीय सरकार को संगठनों और व्यक्तियों को 'आतंकवादी के रूप में नामित करने की शक्ति मिली है। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (एनएसए)। यह अधिनियम अत्यंत कारगर है जिसमें अधिनियम अधिकारियों को आतंकवादियों से ताल्लुक रखने वाले गुटों के सदस्यों को बिना किसी प्रदर्शन के घोषित अवधि के लिए हिरासत में रखने की अनुमति देता है। फिर पोटा कानून बनाया गया लेकिन 2002 में यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया।

आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) 1985 में लागू किया गया, जिसे 1995 में निरस्त कर दिया गया था। इसके अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों का इस्तेमाल किया जाता है। आंतकवादी गतिविधियों को रोकने में आर्म्स एक्ट लागू है जो आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के संबंध में लागू किया गया है। इसी क्रम में विस्फोटक अधिनियम कानून भी लागू है जो विस्फोटक चीजों के इस्तेमाल से संबंधित मामलों से ताल्लुक रखता है। आज दुनिया में आतंकवाद एक ऐसी बर्बर मानवता विरोधी और सहिष्णुता विरोधी कवायद बन गया है जिससे डर, दहशत और खौफ पैदा होना आम बात है। भारत में नक्सलवाद भी आतंकवाद जैसा रहा, लेकिन अब नक्सलवाद की जड़ें तकरीबन सूख गई हैं जिससे आतंरिक आतंकवादी कवायदों पर लगाम लगी है। पूर्वोत्तर भारत में तमाम राजनीतिक, जातीय व सामाजिक संगठनों के जरिए भी हिंसक गतिविधियां लगातार चलती आई हैं। ये आतंकवादी गतिविधियां जैसी ही हैं। भारत में आतंकवाद का सबसे खतरनाक खेल पाकिस्तान पोषित आतंकवाद की वजह से है। एक पड़ोसी देश द्वारा आतंक, हिंसा और खौफ पैदा करना अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भी अपराध है। यह अपराध पाकिस्तान बार-बार कभी लुके-छिपे तो कभी खुलेआम करता रहता है। लेकिन अब भारत की विदेश नीति बदल चुकी है-'पहले छेड़ेंगे नहीं, छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं, के तहत पड़ोसी मुल्क को उसकी करतूतों की सजा देने के लिए पिछले दिनों सिन्दूर ऑपरेशन कर पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया गया। भारत का दृढ़संकल्प है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। दुनिया में आतंकवाद जिस तेजी से बढ़ा है, ऐसे में भारत के सामने आतंकवाद खत्म करने की बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को दुनिया के उन सभी देशों को स्वीकार करने की जरूरत है जो आतंकवाद के खतरे से कई तरह से पीड़ित हैं। देखना यह होगा कि भारत के सामने आतंकवाद की आई चुनौती में दुनिया के कौन-कौन से देश खुलकर साथ देते हैं।


सामरिक चुनौती
डॉ. एल.एस. यादव



# रक्षा बजट को बढ़ाना होगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियां बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। भारत का रक्षा तंत्र भी इसको समझ चुका है, इसीलिए रक्षा मंत्रालय ने सरकार को 50000 करोड़ रुपये का रक्षा फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद की जा रही है कि भारत की केन्द्र सरकार रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी कर सकती है क्योंकि यह समय की जरूरत भी है। यदि यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो भारत का कुल रक्षा बजट सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। नई बढ़ोत्तरी होने से यह धनराशि 7.31 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। निश्चित है कि इस राशि को खर्च करके रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित 6.81 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। इस हिसाब से रक्षा बजट में इस साल के लिए 9.5 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी क्योंकि भारत के दो रक्षा मोर्चों पर चुनौतियां ज्यादा बढ़ गई थीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह अनुभव हुआ कि रक्षा चुनौतियां और ज्यादा बढ़ गई हैं जिनसे निपटने के लिए अब और अधिक रक्षा संसाधनों की जरुरत है। इसीलिए रक्षा बजट में 50000 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी किया जाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यदि इसे मान लिया जाता है तो इससे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद व नवीनतम हथियारों का उत्पादन देश में भी बढ़ाया जा सकेगा। ऐसा होने पर भारत दोनों मोर्चों पर सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम हो सकेगा। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों और उनके सरगनाओं पर कड़ा प्रहार करके पाक अधिकृत कश्मीर के तकरीबन नौ आतंकवादी ठिकाने ध्वस्त कर दिए। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर जवाबी हमले प्रारम्भ कर दिए तो भारत ने इनका भी मुहंतोड़ जवाब देते हुए उनके कई सामरिक अड्डे ध्वस्त कर दिए। इस तरह भारत की सैन्य ताकत को संसार के सभी देशों ने देखा और जाना कि भारत से टकराव का अंजाम क्या होगा। यह बात सभी को मालूम है कि भारत की सामरिक बढ़त उसकी मजबूत सामरिक तैयारी के कारण प्राप्त हुई। विदित हो कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन एवं आवश्यक आधुनिकतम रक्षा हथियारों की खरीद करके अपने सैन्य ढांचे को मजबूती प्रदान की है। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान से निपटने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रूस के एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, बराक-8 मिसाइल सिस्टम, स्वदेश निर्मित आकाशतीर मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा था। इसके अलावा पिचैरा और लो लेवल एयर डिफेंस गन की तैनाती ने बेहतरीन ढंग से मदद की। इस तरह भारत के मल्टी लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल सहित सभी तरह के आक्रमणों को बेअसर कर दिया। चीन ने पाकिस्तान को जो घातक हथियार दिए थे, पाकिस्तान ने उनका भारत के विरुद्ध प्रयोग किया लेकिन वे भी पाकिस्तान के काम नहीं आए। गौरतलब है कि चीन ने पाकिस्तान को जे-10 सी लड़ाकू विमान व उसमें लगी पीएल-15 किस्म की दी थीं। इनके अलावा परमाणु बम दागने वाली एसएच-15 तोप व घातक किलर ड्रोन भी दिए थे। इन सबका पाकिस्तान ने जमकर प्रयोग करते हुए भारत की जमीन को चीनी हथियारों का परीक्षण केन्द्र बनाया लेकिन सब असफल रहा। इसलिए अब संभावना यही बन रही है कि भविष्य में जब कभी भारत का चीन या पाकिस्तान से टकराव होगा तो ये दोनों देश एक साथ मिलकर भारत के सामने होंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान को नई सैन्य मदद देने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की चीन से अत्याधुनिक एवं पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-35 खरीदने की योजना है। चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक वाली हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी और हाइपरसोनिक मिसाइलें भी देना चाह रहा है। निश्चित रूप से इस सहयोग का मकसद भारत के मुकाबले पाकिस्तान की ताकत को मजबत करना है।

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते, क्योंकि अपने अस्तित्व के बिना यह विस्मरण भी बिल्कुल ही असंभव है।

## आइस्क्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का। यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया। उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में। उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई थी, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। – *प्रतीक पटले, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### लैंटर्नफ्लाई के प्रसार को रोकने में मददगार बने प्रशिक्षित कुत्ते

पत्तों पर रहकर पौधों को नुकसान पहुंचाने वाला चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई' वह कीट है जिसे एक दशक पहले पहली बार अमेरिका में देखा गया था। हालांकि, अब यह ईस्ट कोस्ट और मिडवेस्ट में फैल चुका है। शोधकर्ता इसके प्रसार को धीमा करने के लिए एक नया हथियार इस्तेमाल कर रहे हैं। यह हथियार कुछ और नहीं बल्कि कुत्ते हैं। विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते इस कीट के अंडों को फूटने से पहले ही सूंघ सकते हैं। एक अंडे से 30 से 50 चित्तीदार लैंटर्नफ्लाई उत्पन्न हो सकती हैं। क्लीवलैंड मेट्रोपार्क्स प्रबंधक कोनी हॉसमैन ने बताया कि अब तक कुत्तों ने 4,000 से अधिक अंडों को ढूंढा है



## ऑफ बीट

### बोरियत खराब मानी जाती है विज्ञान लाभकारी मानता है

हम सभी ने उदासी और उबाऊ स्थितियों का सामना किया है जिसमें रुचियों को लेकर उदासीनता की स्थिति होती है और मानसिक प्रोत्साहन कम हो जाता है।



अंततः जब हमारा ध्यान भटक जाता है तो हम विरक्त से हो जाते हैं। समय धीरे-धीरे बीतता हुआ प्रतीत होता है, और हम बेचैनी भी महसूस करने लगते हैं। चाहे वह कोई ऐसी फिल्म देखना हो जो निराश करती हो, कोई बच्चा शिकायत करता हो कि "करने के लिए कुछ नहीं है", या कोई वयस्क बैठक के दौरान ध्यान न दे रहा हो। कुल मिलाकर बोरियत एक सार्वभौमिक अनुभव है। सामान्यतः उबाऊपन या बोरियत को किसी वर्तमान गतिविधि में ध्यान या रुचि बनाए रखने में कठिनाई के रूप में परिभाषित किया जाता है

## ट्रेंड

### वैज्ञानिक समुदाय को क्षति



पद्म विभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन का निधन भारत के वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे एक दूरदर्शी व्यक्ति, उनके नेतृत्व ने हमारे परमाणु भविष्य को आकार दिया।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बलूचिस्तान सबसे उपेक्षित




पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे अधिक संसाधन संपन्न प्रांत होने के बावजूद, बलूचिस्तान इसका सबसे उपेक्षित और अविकसित क्षेत्र बना हुआ है। एक विरोधाभास जो दशकों के व्यवस्थित आर्थिक और राजनीतिक शोषण को दर्शाता है।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### स्कूली शिक्षा पर ध्यान दें



सरकारी स्कूलों के हालात यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूली शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### नशा-विरोधी मुहिम



टीएसी की बैठक में पहला एजेंडा आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें एवं बार खोलने का लाइसेंस देने का है। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत, मैंने नशा-विरोधी मुहिम से की थी और झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने की इस कोशिश का पुरजोर विरोध होगा।
**-चंपई सोरेन, पूर्व सीएम, झारखंड**

संक्षेप

## कई गांव में अतिक्रमण की शिकायतें

**भाकियू की मासिक बैठक में उठे मामले, किसान नेताओं ने दिया ज्ञापन**

सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक तिकोनिया पार्क में आयोजित की गई। बैठक में कई गांवों से जमीन अतिक्रमण की शिकायतें सामने आईं। साथ ही डीएम को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। ग्राम सभा सैदबानपुर में सदर तहसील के गाटा संख्या 2042 पर गोकुल प्रसाद और विपिन विनोद कुमार द्वारा अवैध कब्जे का मामला उठा। यह संक्रमणीय भूमि रामसेवक और फासूराम यादव की है। जयसिंहपुर तहसील के ग्राम सभा जजरही जमालपुर में गाटा संख्या 183 में पट्टाधारकों को कब्जा दिलाने की मांग की गई। वहीं, ग्राम सभा तिरहुत में चिंता देवी की निजी जमीन पर प्रकाश सिंह द्वारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया। लम्भुआ के ग्राम सभा मदनपुर पनियार में नवल किशोर मिश्र की भूमि पर गाटा संख्या 162 में अवैध अतिक्रमण की शिकायत दर्ज की गई। प्रशासन से कार्रवाई की मांग इसी गांव में गाटा संख्या 158 पर ग्राम समाज की जमीन और नाले पर अवैध छप्पर और शौचालय बनाने का मामला भी उठा। बैठक में जिला सचिव सियाराम प्रजापति और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष चौधरी दकारण वर्मा मौजूद रहे।

## दलितों की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

**दो बिस्वा जमीन पर निर्माण, 10 परिवारों का विरोध, डीएम से शिकायत**

सुलतानपुर, सदर तहसील के सरैया ब्लॉक दुबेपुर में दलित आबादी की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। रेहाना बानो ने गाटा संख्या-199 में डेढ़ धुर जमीन का बैनामा कराया है। वह टांडा-बांदा हाईवे पर स्थित गाटा संख्या-196 की दलित आबादी की जमीन पर भी कब्जा कर रही हैं। गाटा संख्या-196 पर पिछले 50 सालों से अनुसूचित जाति के 10 परिवार निवास कर रहे हैं। ये सभी परिवार इस जमीन के कानूनी पट्टेदार हैं। रेहाना बानो 17 मई 2025 से अपनी डेढ़ धुर जमीन की आड़ में दो बिस्वा जमीन पर निर्माण करा रही हैं। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। शिकायतकताओं का आरोप है कि रेहाना बानो के पति अब्दुल माजिद भू-माफिया हैं।

## खड़े ट्रेलर से टकराई पिकअप, एक की मौत

**सुलतानपुर में हुआ हादसा, लखनऊ से बनारस जा रही थी पिकअप, एक घायल**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर के चांदा कोतवाली के मानापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में पिकअप में सवार हिमांशु चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई। उनके चाचा सूरज चौरसिया घायल हो गए। दोनों कांदा करौंदी गांव, थाना निगोहा, जिला लखनऊ के रहने वाले हैं। लखनऊ से बनारस जा रही एल्युमिनियम शीट लदी पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गई। चांदा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को प्रतापपुर कमैचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# नेपालगंज अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल से शुरू की जाये दिल्ली के लिए सीधी उड़ान सेवा

**नेपालगंज उद्योग वाणिज्य व नेपाल भारत संघ ने नेपाल और भारत सरकार से की मांग**

अमन लेखनी समाचार /मो. कौशर

रुपईडीहा, बहराइच।नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ एवं नेपाल भारत संघ की तरफ से नेपाल सरकार और भारत सरकार को एक ज्ञापन पत्र भेजकर नेपालगंज से दिल्ली की सीधी हवाई यात्रा सुगम बनाने के लिए उड़ान शुरू करने का आग्रह किया गया है। नेपाल भारत संगठन के अंतर्राष्ट्रीय केंद्रीय सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि काफी दिनों से हमारा संगठन यह मांग कर रहा था कि नेपालगंज अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल से दिल्ली के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की जाए। क्योंकि यह बात सभी को ज्ञात है की नेपालगंज विमान स्थल को उच्चकृत करते हुए अब अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल के रूप में स्थापित किया जा चुका है। इसलिए हमारे संगठन द्वारा यह मांग काफी दिनों से की जा रही थी।शुक्रवार को भारत नेपाल मैत्री संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह इस वक्त नेपालगंज आए हुए थे इसीलिए भारत नेपाल संघ और नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ के द्वारा एक पत्र भारत सरकार के केंद्रीय विमान मंत्रालय को भेजा गया है। जिसमें यह मांग की गई है की नेपालगंज विमान स्थल से दिल्ली के लिए सीधी उड़ान सेवा जल्द से जल्द शुरू की जाए। जिससे आगामी होने वाले मानसरोवर यात्रा में जो जून या जुलाई माह से शुरू होने वाली है उसमें भारतीय पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को सीधे दिल्ली से नेपालगंज आने में सुविधा हो और उनको लखनऊ से सड़क के रास्ते आने में जो दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उससे निजात मिले। इस कृत से जहां हजारों की संख्या में मानसरोवर दर्शन करने वाले यात्री जो भारत के विभिन्न शहरों से नेपाल आते हैं उनको सीधे नेपालगंज पहुंचने में आसानी होगी और तमाम रास्ते के कठिनाइयों से छुटकारा मिलेगा। इसी के साथ नेपालगंज के व्यापारियों को एवं सुदूर पश्चिम नेपाल के लोगों को भी दिल्ली जाने में बहुत सुविधा होगी। नेपाल भारत मैत्री संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि नेपालगंज और दिल्ली उड़ान होने से नेपालगंज का टूरिज्म भी बढ़ेगा और आने जाने वालों को सुविधा होगी। अगर हमारी यह मांग भारत सरकार मान लेती है तो नेपाल और नेपाल के लोग व्यापारी वर्ग इसके लिए बहुत आभारी होंगे। इस अवसर पर नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ के महासचिव भीम राणाघाट नेपाल भारत मैत्री संगठन के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रूपईडीहा में एटूजेड कार प्वाइंट का हुआ भव्य उद्घाटन

**ड्राइवरों को मिलेगी बेहतर सुविधा**

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नई बस्ती स्थित हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के सामने शुक्रवार शाम 5 बजे ए टू जेड कार प्वाइंट नामक चार पहिया वाहनों के पार्ट्स की दुकान एवं सर्विस सेंटर का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं वाहन चालक मौजूद रहे। इस कार पॉइंट के मालिक एवं प्रतिष्ठित पत्रकार मोहम्मद सलीम ने बताया कि यह सर्विस सेंटर विशेष रूप से ड्राइवर साथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, हमारे सेंटर पर सभी कंपनियों के ओरिजिनल कार पार्ट्स सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेंगे, और अनुभवी मैकेनिकों द्वारा गाड़ियों की मरम्मत एवं सेवा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में यह सर्विस सेंटर एक नई शुरूआत है, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को वाहन संबंधी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन के मौके पर स्थानीय नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया। यह सेंटर अब ड्राइवरों के लिए एक भरोसेमंद स्थान बनकर उभरेगा, जहां उन्हें गुणवत्ता और सुविधा दोनों एक साथ उपलब्ध होंगे।

# संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा के तहत बहराइच पहुंचे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य

**सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम पर: स्वामी प्रसाद मौर्य**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा के तहत शुक्रवार को बहराइच शहर के एक निजी होटल पहुंचे पूर्व मंत्री व अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उनके निशाने पर केंद्र की मोदी सरकार रही। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज पूरे देश में महंगाई चरम पर हैं भाजपा सरकार में सरकारी नौकरियां खत्म सी हो गई हैं फलस्वरूप बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर पर विवादित टिप्पणी से बचते हुए बोले, लेकिन तंज कसा। कहा कि आपरेशन सिंदूर को 24 घंटे के अंदर बंद करके देश की बहनों के साथ धोखा किया। उनके सिंदूर के साथ धोखा किया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेहा सिंह राठौर पर सच कहने के लिए जगह-जगह फिर दर्ज कराई जा रही है जो गलत है संविधान में सबको बोलने का अधिकार है लेकिन भाजपा सरकार सच को दबाने की कोशिश कर रही है। अपना जनता पार्टी के मुखिया श्री मौर्य ने कहा कि संविधान नहीं बदल सके तो संविधान की अनदेखी कर रहे हैं। जाति और धर्म के आधार पर कार्रवाई हो रही है। जाति के आधार पर अनूसूचितजाति और अनूसचित जनजाति के हक छीन रहे हैं। धर्म के आधार मुस्लिम वर्ग के साथ अन्याय किया जा रहा है। इससे सभी को सावधान रहने की जरूरत है। इसके लिए ही हम यह यात्रा लेकर निकले हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले के टिकोरा, गजाधरपुर, कुंडासर कैसरगंज, जरवल कस्बा, जरवल रोड आदि स्थानों पर नुक्कड़ सभा कर लोगों को भाजपा की नीतियों से सावधान किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेंद्र प्रसाद, पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट संजीव मौर्य, आशीष मौर्या, शिवकुमार, धर्मेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा



अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। बीते शुक्रवार को मण्डल मटेरा बहराइच के शक्ति केन्द्र चफरिया में भारतीय सेना के पराक्रम शौर्य व सम्मान में मण्डल अध्यक्ष भाजपा मटेरा कुश शुक्ला की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ता सहित सम्मानित क्षेत्र वासी उपस्थित रहे। जिसमें भारतीय सेना के उत्साह वर्धन के संबंधित उदघोष किया गया। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र चफरिया से मूलचंद लोधी, राजकुमार सिंह, प्रधान रोहित कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार सिंह, मंडल महामंत्री लीला धर पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्की यादव, प्रेम चौहान व मटेरा थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए।

# स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट को दी गयी भावभीनी विदाई

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिले से स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व कलेक्ट्रेट सहायकों सहायकों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को उपहार, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासी और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर श्रीमती प्रभाकर को याद किया जायेगा। वक्तागण ने कहा मृदुलभाषी स्वभाव के कारण श्रीमती प्रभाकर जनपद में काफी लोकप्रिय थी। श्रीमती प्रभाकर की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जनपद बहराइच को वह हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के मार्ग निर्देशन में एक टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए उन्होंने सभी सहयोगी अधिकारियों की सराहना की। विदाई समारोह का संचालन संदीप मिश्रा ने किया।

# एक माह बाद भी नही बरामद हुई किशोरी, पीड़ित का आरोप पुलिस झाड़ रही पल्ला

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। खैरीघाट थाने की पुलिस चौकी वैवाही क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबियाहार गांव स्थित बाबा बूढ़ेस्वर नाथ मंदिर से गांव निवासी एक किशोरी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। जिसको पुलिस अबतक बरामद नहीं कर सकी। पीड़ित पिता ने बताया कि किशोरी अपनी मां के साथ बीते 19 अप्रैल को पास के बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर दर्शन के लिए गई हुई थी। जहां से रहस्यमय तरीके से किशोरी लापता हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही एवं खोजने की गुहार लगाई। एक माह बीत जाने के बाद भी लड़की को पुलिस बरामद नहीं कर सकी। शुक्रवार दोपहर पीड़ित थाने गया और किशोरी को बरामद करने की अपील की। लेकिन वहां से कोई राहत नहीं मिली। लिहाजा पीड़ित ने एसपी को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित पिता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस कहती हैं लड़की पंजाब में है। वहां जाने पर खर्च लगेगा। साथ ही मेरे यहां पुलिस बल का अभाव है। पीड़ित पिता ने कहा कि मेरे पास पैसे का अभाव है मैं कहां से लाकर दूं।

# नगर पंचायत रुपईडीहा को मिली जेसीबी मशीन ,विकास कार्यों में आएगी तेजी



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में अब विकास कार्यों को मिलेगी नई रफ्तार। शुक्रवार को नगर को एक जेसीबी मशीन की सौगात मिली, जिसका शुभारंभ चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने पूजा-अर्चना के साथ हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर डॉ. वैश्य ने कहा कि जेसीबी मशीन से नगर में नालियों की सफाई, सड़क निर्माण और आपातकालीन कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सुविधा नगर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में अहम योगदान देगी। नगरवासियों ने चेयरमैन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनहित के कार्यों को गति मिलेगी और नगर विकास में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. अश्वनी वैश्य, सभासद रजा इमाम रिजवी, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सेना के सम्मान के लिए निकाली गई तिरंगा यात्रा

**ऑपरेशन सिंदूर विषयक पर हुई परिचर्चा**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। नमामि गंगे प्रकल्प (भाजपा) के तत्वावधान में शुक्रवार को वृद्धाश्रम परिसर (नगरौर) में ऑपरेशन सिंदूर विषयक पर परिचर्चा का आयोजन कर राष्ट्र सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा शांति देवी इंटर कॉलेज से बेरिया समय माता मंदिर (पुलिस लाइन) तक तिरंगा यात्रा निकालकर संगठन द्वारा चलाये जा रहे जन जागरण अभियान से जन जन को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। यात्रा मे सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। नमामि गंगे प्रकल्प (भाजपा) की ओर से शुक्रवार को वृद्धाश्रम नगरौर में आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए आयोजक नमामि गंगे प्रकल्प अध्यक्ष राकेश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि पाकिस्तान जो कि आतंकी देश है द्वारा पोषित आतंकवादियों द्वारा भारत को लगातार अस्थिर करने का कुचक्र रचा जा रहा है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना लगातार मुहतोड़ जवाब दे रही है। अब समय आ गया है कि राष्ट्रवादी भारतीय जन मानस प्रधनमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हो ताकि पाकिस्तान को सदैव के लिए नेस्तनाबूद किया जा सके। संरक्षक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने ऑपरेशन सिंदूर को विश्व का सबस बड़ा प्रभावी आतंक विरोधी सैन्य अभियान बताते हुए विपक्षियों द्वारा भारतीय सेना के खिलाफ चलाये जा रहे नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब देने का आवाहन किया। वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने पाकिस्तान द्वारा चलाए जा रहे प्रायोजित आतंकी घटना की निंदा करते हुए पाकिस्तान को आतंकी देश घोषित किए जाने की मांग की।



गोष्ठी का संचालन प्रबंधक दिलीप द्विवेदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पर्यावरण विद मोहम्मद सलीम द्वारा किया गया। नमामि गंगे प्रकल्प द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा का समापन बेरिया समय माता मंदिर (पुलिस लाइन) परिसर में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम करण टेकड़ीवाल द्वारा किया गया। आयोजित परिचर्चा व तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से सभासद सुरेश गुप्ता , वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी नीलेश श्रीवास्तव , प्रवक्ता डॉ० पंकज श्रीवास्तव , समाजसेवी नरेंद्र मोहन आर्या समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर समय माता मंदिर परिसर (बेरिया) में राष्ट्र सुरक्षा हेतु संगठन की ओर से हर संभव सहयोग का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

# वीडियोग्राफी करने गए तीन दोस्तो की मार्ग दुर्घटना में मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हरदोई जिले के अतरौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। शादी समारोह से वीडियोग्राफी कर लौट रहे तीन दोस्तों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक उन्नाव जनपद के रहने वाले थे। हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। उन्नाव के ग्राम मिसभी थाना अजगैन निवासी नितिन (25) पुत्र कृपाशंकर, ग्राम बुद्धिखेड़ा निवासी वैभव (24), और ग्राम दरियाईखेड़ा निवासी प्रवीण (25) गुरुवार को हरदोई के बहेरिया मजरा गौरीकला में एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी का कार्य कर रहे थे। शुक्रवार तड़के करीब 3:10 बजे तीनों एक ही बाइक से उन्नाव लौट रहे थे। जैसे ही वे अतरौली चौराहे पर पहुंचे, भटपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह दिल्ली जाने वाली बस का इंतजार कर रहे लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि कुछ समझ में नहीं आया और वाहन कुछ ही पलों में फरार हो गया। अतरौली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर भरावन सीएचसी भिजवाया। चिकित्सकीय पुष्टि के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए संडीला भेज दिया गया। पुलिस को नितिन के पास से एक टैबलेट, 90 हजार रुपये और एक मोबाइल बरामद हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो रो-रोकर बेहाल हो गए। प्रवीण के पिता विद्यासागर ने बताया कि उनका बड़ा बेटा दिलीप शिक्षक है, दूसरा बेटा 1 मई को दुबई गया था और अब लौट रहा है। तीनों भाइयों की जोड़ी टूट गई है। इंस्पेक्टर मारकंडेय सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने की आत्महत्या

**दरपीपुर गांव में घर के बरामदे में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के दरपीपुर गांव के बबुरी टोला में एक दुखद घटना सामने आई। देर रात 22 वर्षीय रवींद्र वर्मा का शव उनके घर के बरामदे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुहंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रवींद्र मजदूरी का काम करते थे और अविवाहित थे। रात के समय वह एक गांव में निमंत्रण में भोजन करने गए थे। भोजन के बाद वह घर लौटकर सो गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे, तो उन्होंने रवींद्र का शव बरामदे के पिलर से रॉड में रस्सी के सहारे लटका देखा। इंस्पेक्टर शिवकांत त्रिपाठी के अनुसार प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सटीक कारण पता चल सकेगा। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने कहा है कि यदि जांच में कोई संदिग्ध तथ्य सामने आता है या परिजन कोई शिकायत दर्ज कराते हैं, तो मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या का कारण अभी भी अज्ञात है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बलदेव में तिरंगा यात्रा

**डीजे और ढोल–नगाड़ों के साथ निकली रैली, भारत माता की जय के लगे नारे**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, बलदेव में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। पुराना बस स्टैंड से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न संगठनों के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। रैली का मार्ग पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर पश्चिमी स्कूल, मिश्री बाजार, मोती बाजार और शिवरतन बाजार होते हुए मेला फील्ड में समाप्त हुआ। यात्रा में शामिल बाइक सवार और पैदल चल रहे युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामा हुआ था। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक मेरुकांत पांडेय और सुदीप बंसल ने कहा कि देश के नेतृत्व और सेना के शौर्य ने दुनिया को नए भारत की ताकत दिखा दी है। रैली के दौरान भारत माता की जय और अमर शहीदों की जय के नारे लगाए गए। इस अवसर पर सत्यपाल चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री मेरुकांत पांडेय, सुरेश भारद्वाज, नारायण पांडेय, अवधेश दुबे, देवी सिंह, दाऊ गोयल, नरेंद्र गोयल समेत कई गणमान्य लोग और सरस्वती विद्या मंदिर के शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल युवक कानपुर रिफर

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे में कस्बा निवासी 14 वर्षीय नाबालिक कृष्णा त्रिवेदी पुत्र स्वर्गीय रामू त्रिवेदी को एक मोटरसाइकिल ने भीषण टक्कर मार दी जहां टक्कर खाकर नाबालिक गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली भेजा जहां पर उपस्थित चिकित्सकों ने उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर देख लाला लाजपत राय अस्पताल कानपुर के लिए रिफर कर दिया

### मॉर्निंग वॉक करते समय हादसा

**तेज रफ्तार गाड़ी ने पति-पत्नी को टक्कर मारी, पति की मौत; पत्नी गंभीर**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ। निलौनी गांव के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले दंपति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 50 वर्षीय तेजपाल और उनकी पत्नी सुनहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपति को ग्रेटर नोएडा के राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान (जिम्स) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने तेजपाल को मृत घोषित कर दिया। सुनहरी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। परिवार का आरोप है कि वाहन चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि वाहन के नंबर की पहचान कर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### बैंककर्मी बनकर साइबर ठगी

**ग्रेटर नोएडा में ओटीपी के जरिए खाते से 45 हजार रुपये उड़ाए**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को खुद को बैंककर्मी बताकर ठग ने 45 हजार रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित गज्जी ने बताया कि उन्हें एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके खाते में राशि जमा करने की लिमिट कम है। इसे बढ़ाने के लिए ओटीपी की जरूरत है। पीड़ित ने ओटीपी साझा कर दिया। कुछ ही देर में उनके खाते से पहले 30 हजार और फिर 14 हजार रुपये निकल गए। कुल 45 हजार रुपये की ठगी हुई। पीड़ित ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल में हंगामा और स्टाफ से बदसलूकी का मामला

**गाजियाबाद के डॉक्टरों ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर की कार्रवाई की मांग**

गाजियाबाद, आस्था अस्पताल में हुए हंगामे के विरोध में बड़ी संख्या में डॉक्टर और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य पुलिस कमिश्नर से मिले।

# देश के सम्मान में हर नागरिक मैदान में धूमधाम से निकाली गई ऑपरेशन सिंदूर की गौरव यात्रा

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। भारतवर्ष के जम्मू कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हुई घटना का पुरजोर विरोध करते हुए भारत वर्ष की वायु जल तथा थल सेनाओं ने दुश्मन को करारा जवाब दिया ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सेवा में मौजूद कर्नल सूफिया कुरैशी तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नेतृत्व में एक आक्रामक वार किया गया जिसमें आतंकवादी संगठनों के कई ठिकाने धराशाई हुए वहीं बड़ी संख्या में आतंकवादी जन्नत को सिधार गए एक बार फिर से संपूर्ण विश्व में भारतवर्ष के सौर्य एवं पराक्रम को लोहा माना वहीं सेना के सौर्य तथा सम्मान को देखते हुए संपूर्ण भारतवर्ष समेत फतेहपुर जनपद के अन्य क्षेत्रों सहित अमौली विकासखंड में तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी शिवा गुप्ता के नेतृत्व में लंका मैदान मेला ग्राउंड से विशाल तिरंगा यात्रा निकली जहां जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल अमौली ब्लाक प्रमुख सुशीला सिंह भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम आदि भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने पहुंचकर तिरंगा यात्रा को विशाल रूप दे दिया वही विकासखंड कस्बे के गायत्री मंदिर चौबे ताला आदि से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई विशाल यात्रा अमौली कस्बे से फतेहपुर मुख्य मार्ग मदरी आदि ग्राम पंचायत से होते हुए सठिगवां कस्बे पहुंची जहां अखनूर सेक्टर में बलिदान हुए अमर बलिदानी विजय कुमार पाण्डेय स्मारक स्थल में पहुंचकर विधायक ब्लॉक प्रमुख समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वही तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद कारगिल युद्ध के बलिदानी अमर शहीद विजय पाल सिंह यादव झाऊपुर तथा अमर शहीद राजेश कुमार खदरा मजरे ग्राम पंचायत गोहरारी के माता-पिता को भी माल्यार्पण अंग वस्त्र से सम्मानित कर इस गौरव यात्रा की शुभकामनाएं दी गई सठिगवां कस्बे पहुंचे मुख्य अतिथियों ने अमर बलिदानी विजय कुमार पाण्डेय के पिता तथा माता को सम्मानित किया इस विशाल यात्रा में जमकर जयकारे लगे वही कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक शिवा गुप्ता ने देश के अमर बलिदानियों को नमन करते हुए आए हुए सभी अतिथि तथा क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे रज्जन लाल त्रिवेदी भाजपा महिला पदाधिकारी मोना शुक्ला डॉक्टर उत्प्रेक्षा त्रिवेदी डॉक्टर रामभक्त वर्मा सत्य प्रकाश शुक्ला रजत प्रताप सिंह देवेंद्र अवस्थी टइया सिंह रवी ओमर मनोज निषाद दीपक चक काजू ओमर अनिल वर्मा उजियारी दिवाकर शादाब प्रांजुल ओमर रवि दुबे युसूफ खान पुनीत तिवारी अशोक प्रधान हरिओम अंकित दिवाकर इसरायल अजय यादव गौरीशंकर सुरेंद्रनाथ उमराव मुकेश कुमार ओमे पटेल बंटू सोनकर संदीप साहू अशरफ खान शुभम ठाकरे आनंद गुप्ता अर्जुन सोनकर समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रही

# भव्य कलश यात्रा के साथ प्रकाश आजीविका संकुल संगठन का हुआ पुनर्गठन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत प्रकाश आजीविका संकुल संगठन रोटी चौराहा में अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया कार्यक्रम भव्य कलशयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ब्लॉक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह की अध्यक्षता में कलश यात्रा निकाली गई इसके पश्चात बैठक में मौजूद ब्लॉक प्रमुख के साथ सहायक विकास अधिकारी एडियो आईएसबी मुन्नालाल बी एम एम राकेश कुमार बी एम एम सुशील कुमार आदि की मौजूदगी में प्रकाश आजीविका संकुल संगठन के अध्यक्ष सचिव तथा कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर बदलाव किए गए मौजूदा बैठक में अध्यक्ष पद पर ममता देवी के स्थान में चेतना देवी सचिव आशमां के स्थान पर निर्विरोध संध्या देवी कोषाध्यक्ष आशा के स्थान पर निर्विरोध रेखा देवी उपाध्यक्ष सुनीता तथा उप सचिव माया देवी को चयनित किया गया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई वहीं उनके कार्यभार के विषय में विस्तृत रूप से समझाया गया

# मोहम्मद शाकिर बने एक उम्मीद सेवा समिति के मोंठ ब्लॉक अध्यक्ष

**दीक्षा यादव के निर्देशन किया गया मनोनयन**

अमन लेखनी समाचार



झांसी। एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के दिशा निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव एवं बुंदेलखंड प्रभारी रोहित यादव के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत की सहमति से झांसी मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने ग्राम सेसा निवासी पूर्व प्रधान मोहम्मद शाकिर को समिति का मोठ ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। उनके मनोनीत होने पर मंडल महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह गौतम अतरौली, मंडल प्रवक्ता प्रमोद सिंह दांगी, मंडल उपाध्यक्ष निसार खान साकिन, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश गौतम, मंडल सचिव पर्वत सिंह राजपूत, मंडल मीडिया प्रभारी रोहित झा, राम अवतार पाल, अरुण कुमार, शिवम, खुदा बख्श, केपी सिंह पूर्व प्रधान जरहा, गंधर्व सिंह यादव पूर्व प्रधान ढेरी, लाखन सिंह कनेछा, राघवेंद्र सिंह खरेला ओम नारायण सिंह, खलक रणजीत सिंह सेरसा ल, के के यादव, मोनू, संतोष बाबूजी, राजा कुशवाहा, कमलेश, रिंकू तिवारी, प्रेम यादव पालर ,साहब सिंह उज्यान सहित आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर ने कहा कि समिति द्वारा जो जिम्मेदारी हमें दी गई है उसका हम पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे।

# प्लाईवुड शोरूम से डेढ़ लाख कैश समेत लाखों की चोरी

- मोदीपुरम चौकी से 100 मीटर दूर की वारदात, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच जारी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में चोरों ने एक प्लाईवुड शोरूम को निशाना बनाया।

मोदीपुरम चौकी से मात्र 100 मीटर दूर स्थित शोरूम से चोर डेढ़ लाख रुपए की नकदी और कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

कंकरखेड़ा के पाबलीखास निवासी शाहनवाज के शोरूम में यह चोरी हुई। दुकान बंद करने के बाद जब वह शोरूम पहुंचे, तो चोरी का पता चला। चोरों ने शोरूम में कुंबलकर नकदी के अलावा मोबाइल और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

व्यापार संगठन के नेता शैंकी वर्मा ने भी मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस से चोरों की जल्द गिरफ्तारी और माल की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# पुराने विवाद में हुए थी हत्या

**2018 की हत्या के आरोपी को फरसे से काटा, दो आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के टयोढी गांव में एक पुराने विवाद का बदला लेने के लिए हत्या की गई। विकास नामक व्यक्ति का शव गांव के जंगल में मिला।



पुलिस ने दो आरोपियों पिंटू और अजय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 2018 में उनके भाई अंकित की हत्या में विकास शामिल था। विकास दो साल पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था। वह लगातार उन पर फैसले का दबाव बना रहा था। जंगल में विकास ने उन्हें फिर धमकी दी। इसी बात पर गुस्से में आकर दोनों भाइयों ने फरसे से हमला कर विकास की हत्या कर दी। मृतक के पिता सतपाल की शिकायत पर पुलिस ने पहले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बड़ौत के सीओ विजय तोमर ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया फरसा भी बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# किसान दिवस की बैठक में बवाल

- विकास भवन में एक्सपायरी नमकीन मिलने से भड़के किसान, खाद्य विभाग ने शुरू की जांच

अमन लेखनी समाचार



बागपत, विकास भवन में समाधान किसान दिवस के दौरान किसानों ने जमकर हंगामा किया। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार और एसडीएम अविनाश त्रिपाठी की मौजूदगी में आयोजित बैठक में किसानों को नाश्ते में एक्सपायरी डेट की नमकीन परोसी गई। किसानों ने बैठक में गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान की समस्याएं रखीं। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि समस्याएं सिर्फ सुनी जाती हैं, समाधान नहीं किया जाता। जब किसानों को चाय-नाश्ता दिया गया, तो नमकीन की एक्सपायरी डेट निकली होने का पता चला। इस पर किसानों ने विरोध जताया और कुछ किसान बैठक छोड़कर जाने लगे। अधिकारियों के समझाने पर बैठक फिर शुरू हुई। भारतीय किसान यूनियन के नेता हिम्मत सिंह ने किसानों के अपमान पर नाराजगी जताई। उन्होंने खराब नमकीन देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य विभाग को सूचित किया गया। खाद्य सहायक आयुक्त मानवेंद्र सिंह ने जांच शुरू कर दी है।

उन्होंने कई स्थानों पर छापेमारी की है। एक्सपायरी सामान बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शिवशक्ति धाम डासना का डेलिगेशन पुलिस कमिश्नर से मिला

**कहा - जिहादियों द्वारा अनिल यादव की हत्या की साजिश पर मुहर लगा रहा है गाजियाबाद प्रशासन**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, शिव शक्ति धाम डासना के एक डेलिगेशन ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। उन्हें अवगत कराया कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के शिष्य छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव के खिलाफ वेव सिटी थाने में खोली गई हिस्ट्रीशीट आधारहीन है।

पूर्व के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने मंदिर पर जिहादियों द्वारा हुए हमले में पक्षपात करते हुए अनिल यादव को शांति भंग में एसीपी कोर्ट द्वारा 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया, और महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी को सुरक्षा का झांसा देकर लगभग 20 दिन डिटेल करके रखा। पुलिस कमिश्नर से कहा- इसी बीच चुप चाप जिहादियों से प्रेरित होकर पूर्व कमिश्नर अजय मिश्रा ने अनिल यादव पर हिस्ट्रीशीट की कार्रवाई कर दी। मुस्लिम पक्ष के एक भी नेता को जेल नहीं भेजा।यह करवाई उन्होंने अपनी नाकामी छुपाने के लिए कराई थी। शासन को गलत रिपोर्ट प्रेषित की थी। उसके बाद अब जब थाना वेव सिटी से अनिल यादव पर डोजियर भरने के लिए कागज और फोटो मांगने की बात आई तो उन्हें पता चला की अनिल यादव की हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने आश्वस्त किया कि मैं डीसीपी ग्रामीण को आपके द्वारा दिए गए पत्र को कंसिडर करूंगा और उचित सहयोग के लिए कहूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों को डीसीपी ग्रामीण से मिलना चाहिए क्योंकि उनके हाथ में हिस्ट्रीशीट खोलना भी है और उसको बंद करना भी। अनिल यादव के जो चार मुकदमों का आधार बनाकर हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है। पुलिस रेगुलेशन एक्ट 228 में इस का साफ विवरण है कि किस किस्म के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाती है, अनिल यादव उस दायरे में दूर दूर तक नही आते।

19 तारीख में यति नरसिंहानंद ने इससे संबंधित एक पत्र मुख्यमंत्री को भी भेजा है और साफ तौर पर वीडियो जारी करके यह बता दिया गया है। यदि 15 दिन में पत्र का कोई जवाब नहीं आता तो यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज अपने शिष्य अनिल यादव के साथ जनता दरबार में जाएंगे। रिलीफ नहीं मिली तो 36 बिरादरियों की पंचायत करेंगे और लड़ाई को आगे जारी रखेंगे।

# सिंचाई विभाग की जमीन पर कार्रवाई

**65 बीघा जमीन से अवैध कब्जा हटाया, कीमत 50 करोड़ रुपए**



अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के कासना में प्रशासन ने सिंचाई विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इस जमीन की कीमत 50 करोड़ रुपए से अधिक है। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से 65 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। कासना थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। कुछ ने झुग्गी-झोपड़ी बना ली थी। कुछ ने मकान बना लिए थे। प्रशासन पिछले दो वर्षों से इन लोगों को नोटिस दे रहा था। सदर एसडीएम चारुल यादव के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। जमीन की पैमाइश भी कराई गई थी।

# योग संस्थान का विशेष आयोजन

**500 से अधिक लोगों ने योगिक मिट्टी मालिश और गंगा स्नान में लिया हिस्सा**

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, मुरादनगर के गंगा घाट, छोटा हरिद्वार में अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। योगिक मिट्टी को विशेष विधि से तैयार किया गया। इसमें एलोवेरा, गिलोय, अश्वगंधा चूर्ण, हल्दी और नीम जैसे पोषक तत्वों का घोल मिलाया गया। इस मिश्रण में मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर एक रात के लिए रखा गया। अगली सुबह इसमें चंदन का चूरा और गुलाब जल मिलाकर अंतिम रूप दिया गया। संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने बताया कि यह मिट्टी त्वचा को डिटॉक्स करती है। यह त्वचा से विषैले पदार्थों को अवशोषित कर उसे स्वस्थ बनाती है। उपाध्यक्ष मनमोहन वोहरा ने कहा कि इस योगिक मिट्टी में पंच तत्वों का समावेश है। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंत्री दयानंद शर्मा ने ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र से किया। मीडिया प्रभारी योगी प्रवीण आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। असील कुमार की टीम ने सभी साधकों को मिट्टी वितरित की। साधकों ने शरीर पर मिट्टी का लेप लगाया। लेप सूखने के बाद सभी ने गंगा स्नान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने चाय-नाश्ते का आनंद लिया।

# पार्क की बेंच में फंसी बच्ची की उंगलियां

- 6 घंटे में मेटल प्लेट काटकर बाहर निकाली, उंगलियों में खून का संचार हो गया था कम

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट के पीछे पार्क में लगी बेंच में एक 7 साल की बच्ची अंशिका की एक उंगली फंस गई। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद मेटल टीन को काटा। इसके बाद बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने इसका कोई इलाज नहीं होना बताया। जिसके बाद टीम ने दोबारा से मेटल प्लेट को बारीक काटकर बच्ची की दोनों उंगलियों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही फायर सर्विस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अपने रेस्क्यू टूल्स एवं बाहर से आयरन वर्क करने वाले व्यक्तियों को बुलाया। इसके बाद उंगलियों के चारों और के मेटल को काटा और एक टुकड़ा अलग कर लिया। जिससे उंगलियों पर ज्यादा दबाव न पड़े। बच्ची की उंगलियों को लगभग 06 घंटे की कड़ी मेहनत से सुरक्षित निकाला गया। अंशिका की उंगली बेंच में बने छेद में फंस गई थी। उसने काफी प्रयास किया। इस कारण उंगलियों में खून का संचार कम हो गया। जिससे उंगलियों में सूजन आ गई। जल्द से जल्द टीम प्लेट को काटकर बच्ची को डॉक्टर के पास पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने असमर्थता व्यक्त की। जिसके बाद दोबारा से फायर कर्मियों ने टूल की मदद से सावधानी से टीन प्लेट काटी और बच्ची की उंगलियों को होल से बाहर निकाला।



## पसही विद्युत सब स्टेशन से अनियमित और अघोषित बिजली कटौती पर लगे रोक--राकेश शरण मिश्र

**आए दिन बिजली कटौती से फजीहत और पेयजल की किल्लत।**

**(पसही के रहवासी विद्युत कटौती से बेहाल)**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज ब्लॉक के पसही विद्युत सब स्टेशन से अनियमित और अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाज सेवी एवम संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने जान लेवा गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की इस भीषण समस्या से रहवासियों को निजात दिलाने के लिए बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही स्थानीय निवासियों ने भी बताया कि बिजली कटौती से जीना दुश्वार हो गया है। बिजली कब आएगी और कब जाएगी, कुछ भी तय नहीं है।

### बिजली कटौती के प्रभाव

ग्राम वासी मृत्युंजय पाठक ने बताया कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। वही उमेश देव ने कहा कि थोड़ी सी हवा चलने पर बिजली कट जाती है, जिससे पेयजल की समस्या हो जाती है।

### समस्याओं का सामना

चंद्र प्रभा यादव ने बताया कि समय पर बिजली न मिलने से पेयजल की समस्या होती है। मंगरू कोल ने कहा कि मोबाइल चार्ज करने के लिए भी बिजली आने का इंतजार करना पड़ता है। हरिश्चंद्र ने बताया कि बिजली कटौती से बच्चे और बूढ़े गर्मी और उमस से बेहाल रहते हैं।

### नुकसान और मांग

अयूब खा ने कहा कि तरकारी फसल बर्बाद हो रही है और पशुओं को पीने के लिए समय से पानी नहीं मिल पाता। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बिजली कटौती का समय पहले से घोषित किया जाए और बिजली आने की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जाए। इसके अलावा, रात में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

## डीआईजी आंनद कुलकर्णी ने किया श्यामदेउरवा थाने का निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज : गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) आंनद कुलकर्णी ने शुक्रवार को श्यामदेउरवा थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की स्थिति, शस्त्रागार, मालखाना और हवालात का बारीकी से जायजा लिया।

डीआईजी ने लंबित विवेचनाओं, शिकायती प्रकरणों एवं जनसुनवाई रजिस्टर की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण की रणनीति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुलकर्णी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। स्थानीय नागरिकों ने डीआईजी से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## नवी मुंबई पुलिस के 'ऑपरेशन शोध' से महिलाओं और बच्चों सहित 330 लापता व्यक्तियों का सफलतापूर्वक पता चला

अमन लेखनी समाचार




नवी मुंबई : नवी मुंबई पुलिस द्वारा शुरू की गई विशेष पहल 'ऑपरेशन शोध' के तहत कुल 330 लापता व्यक्तियों का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। इनमें 213 महिलाएं, 95 पुरुष, 10 अपहत लड़के और 12 अपहत लड़कियां शामिल हैं, जिनका पिछले एक साल से कोई पता नहीं चल पाया था। बचाई गई महिलाओं और बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया गया, जिन्होंने पुलिस के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। लापता महिलाओं और बच्चों का पता लगाने के लिए नवी मुंबई पुलिस ने 17 अप्रैल से 15 मई तक 'ऑपरेशन शोध' नाम से राज्यव्यापी अभियान चलाया। सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) अजय लांडगे ने बताया, 'इस उद्देश्य के लिए कुल 22 टीमें गठित की गई - 20 टीमें नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत पुलिस स्टेशन स्तर पर तथा 2 टीमें अपराध शाखा के अंतर्गत मानव तस्करी विरोधी इकाई की हैं।' अभियान के दौरान एक साल से अधिक समय से लापता महिलाओं और बच्चों के बारे में अद्यतन जानकारी संकलित की गई और उनका पता लगाने के लिए सघन प्रयास किए गए।

22 पुलिस टीमों ने ठाणे, उल्हासनगर, कर्जत में विभिन्न बाल कल्याण समितियों और ठाणे में बाल पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक के साथ

## पिकअप और टीपर में हुई जोरदार टक्कर में एक की मौत



अमन लेखनी समाचार

चोपन/ सोनभद्र। आज शुक्रवार को चोपन थानांतर्गत सिंदुरिया- जुगैल मार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल टंकी के समीप एक तीव्र मोड़ पर भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक टीपर सिंदुरिया से जुगैल की ओर जा रहा था, तभी जुगैल से सिंदुरिया की ओर आ रही पिकअप टाटा मैजिक ने सामने से तेज रफ्तार में आकर टीपर में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में टाटा मैजिक का चालक, जिसकी उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है और जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। हालांकि चिकित्सकों ने काफी प्रयास किया लेकिन उसकी मृत्यु हो गई। इधर, हादसे के बाद टीपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को सड़क से हटवा कर किनारे सुरक्षित खड़ा कराया गया, जिससे यातायात व्यवस्था बहाल की जा सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है एवं फरार टीपर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सैनिक विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में दुर्गावती देवी ने फिर लहराया परचम

अमन लेखनी समाचार

**सैनिक स्कूल की पढ़ाई कर सेना, नौसेना व वायुसेना में सेवा देंगे दुर्गावती देवी के होनहार**

**सुधांशु निषाद, सूर्यांश पटेल, रणवीर प्रताप यादव, दिव्यांशी यादव, संजीव कुमार यादव व आशिफ**



भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में छठवीं और नवीं कक्षा वर्ग में दुर्गावती देवी इंटरमीडिएट कॉलेज प्रयाग नगर भैंसा के होनहारों ने फिर अपना दमखम दिखा संस्था का पुनः परचम लहराया है। परतावल के कतरारी निवासी राम बहाल निषाद के पुत्र सुधांशु ने जहां सैनिक स्कूल की नवीं कक्षा में प्रवेश हेतु 400 के पूर्णांक में 320 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है वहीं इसी कक्षा वर्ग में परतावल के ही रुद्रापुर निवासी रामेश्वर पटेल के बेटे सूर्यांश ने 400 के पूर्णांक में 168 अंक प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। इसी प्रकार सैनिक विद्यालय की छठवीं कक्षा में प्रवेश हेतु परतावल के सिरसिया निवासी रवि प्रताप यादव के बेटे रणवीर प्रताप ने 300 के पूर्णांक में 238 अंक एवं बेटी दिव्यांशी यादव ने 300 के पूर्णांक में 158 अंक हासिल कर अपने परिवार व संस्था का मान बढ़ाया है। इसी कक्षा वर्ग में घुघली के गोपाला निवासी श्याम बदन यादव के बेटे संजीव यादव ने 300 के पूर्णांक में 140 अंक एवं तरकुलवा तिवारी निवासी आसिफ ने 300 के पूर्णांक में 128 अंक प्राप्त कर सफलता के झंडे गाड़े है। होनहारों की इस उपलब्धि पर संस्था के संस्थापक प्रबंधक उपेंद्र मिश्र, संरक्षक राजेश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य करुणामणि पटेल, उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार तिवारी, प्राथमिक अनुभाग की प्रधानाचार्य सीमा पाण्डेय व उप प्रधानाचार्य नेहा पटेल, कार्यालय अधीक्षक रमेश चंद पटेल, प्रभारी मनमीत कुमार पटेल, सहित राजेंद्र कुमार, श्रवन विश्वकर्मा, अनिल त्रिपाठी, महेंद्र उपाध्याय, अनिल गुप्ता, राहुल साहनी, राहुल जायसवाल, विश्वजीत गिरी, उषा सिंह, नेहा मद्धेशिया, अमृता पांडे आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है

## डम्फर की टक्कर से बाइक सवार तीन वीडियोग्राफरों की मौत



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। यूपी के हरदोई में अतरौली चौराहे पर शुक्रवार एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। डम्फर की जोरदार टक्कर से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

मृतक उन्नाव जनपद के वैभव पुत्र राम कृपाल निवासी पंछी खेड़ा, नितिन पुत्र उमाशंकर निवासी शिवनगर, और प्रवीण पुत्र विद्यासागर निवासी दरियाई खेड़ा जो कि तीनों युवक पेशे से वीडियोग्राफर थे और उन्नाव से अतरौली क्षेत्र के गौरी कला मजरा बहेरिया में आई एक बारात की वीडियोग्राफी करने आए थे। बताया जाता है कि शादी कार्यक्रम की वीडियो ग्राफी समाप्त होने के बाद वे बाइक से वापस घर लौट रहे थे कि तभी अतरौली चौराहे के पास डम्फर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतक युवक नितिन के पास से एक टैबलेट, 90 हजार रुपए व मोबाइल मिला है। हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कर सुनीं जनशिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों का निस्तारण करने में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें।

## पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में शुक्रवार परेड की ली सलामी, तत्पश्चात किया निरीक्षण

**शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़।**

**अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार करवाया गया ड्रिल।**

**यू0पी0–112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से की गयी चेकिंग।**

**क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरकों का किया गया निरीक्षण।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 23.05.2025, को अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा महोदय को सलामी दी गयी जिसपर महोदय द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया तथा कर्मियों की गार्द रजिस्टर पेशी की गई। इस दौरान महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## अनियमितता में फंसे सीएमओ पर कार्रवाई तय

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) गीतम सिंह पर अनियमितता के आरोपों की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित 2 सदस्यीय जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में सीएमओ गीतम सिंह पर लगे आरोपों की पुष्टि की है। जांच में टेंडर में हेराफेरी और बिना अनुमति काम कराने जैसे गंभीर आरोपों की पुष्टि हुई है। सदर विधायक मनोज प्रजापति ने शासन से सीएमओ गीतम सिंह के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में कई वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि की है, जिसमें कई वित्तीय अनियमितताओं की फाइलें गायब होना भी शामिल है। जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ गीतम सिंह के खिलाफ कार्यवाही के लिए शासन को पत्र लिखा है। शासन से जल्द ही उटड गीतम सिंह पर बड़ी कार्रवाई होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि सीएमओ गीतम सिंह पर कन्नौज में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। अब हमीरपुर में भी उनके खिलाफ अनियमितता के आरोपों की पुष्टि हुई है, जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई होना लगभग तय माना जा रहा है। जिलाधिकारी के पत्र के बाद शासन से जल्द ही सीएमओ गीतम सिंह पर बड़ी कार्रवाई होने की उम्मीद है। देखना यह होगा कि शासन इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और सीएमओ गीतम सिंह के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

## हमीरपुर में दबंगों का तांडव: शादी समारोह में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। के सदर कोतवाली क्षेत्र के बेतवा घाट में एक शादी समारोह में युवक पर आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में युवक और उसके पिता घायल हो गए। युवक ने अपनी जान बचाने के लिए घर में घुसकर शरण ली, लेकिन दबंगों ने घर पर ईंट-पत्थर बरसाए। घटना के अनुसार, युवक पर दबंगों ने शादी समारोह में हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पिता भी इस हमले में घायल हो गए। युवक ने घर में घुसकर अपनी जान बचाई, लेकिन दबंगों ने घर पर पथराव किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दबंगों को युवक पर हमला करते और घर पर पथराव करते हुए देखा जा सकता है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एव फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश।**

**इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों पर सुनी जा रही जन शिकायतें।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक- 23.05.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

## हमीरपुर में महिला की पीट-पीटकर निर्मम हत्या

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। राठ कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली इलाके में एक महिला की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घर पर सो रहे पति-पत्नी पर हत्यारों ने कई वार किए, जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। पति की हालत गंभीर होने पर उन्हें राठ सीएचसी से उपचार के बाद उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा सहित पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। घटना की जानकारी तब मिली जब तीन साल की मासूम बच्ची के रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हुए। एकत्रित ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों की माने तो चोरी या पुरानी रंजिश के चलते हत्या की घटना हुई हो सकती है। पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने हत्यारों को पकड़ने के लिए चार टीमें गठित की हैं। पुलिस जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल, क्षेत्र में तनाव का माहौल है और पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

### 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ हुई पदयात्रा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने पर भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जो ठडेश्वरी आश्रम से शुरू होकर तपोभूमि पहुंचकर वापस आश्रम में संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति एवं युगचेतना महाविद्यालय के प्रबंधक महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने संयुक्त रूप से किया। तिरंगा यात्रा ठडेश्वरी आश्रम सुमेरपुर से शुरू होकर बस स्टैंड से होते हुए नेशनल हाईवे से होती हुई तपोभूमि पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोष करते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में 500 मीटर लंबा तिरंगा लेकर युवा चल रहे थे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला, योगेन्द्र दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, रोहित शिवहरे, केके त्रिवेदी, शिवनरायन सोनकर, आदित्य अवस्थी, महेश गुप्ता दीपू, अमित कुमार सोनू, दिगपाल चंदेल, स्वदेश द्विवेदी, अनुज गुप्ता, धीरु यादव, कन्हैया शर्मा, अरिमर्दन सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव, मीना यादव, ऊषा सिंह, संजय तिवारी, सुदेश द्विवेदी, सुशील गुप्ता, अंकित सिंह, संतराम गुप्ता, मीनू महाराज, अभ्भू सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री टाइम वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। अब देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी खयाल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए, समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रूटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।




**सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा**

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारे और स्किल को बढ़ाए। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए, धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगना, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी



भी हैं। टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए, समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।

बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों और अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

**पेलिकन की प्रजातियां**

पेलिकन की कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इसके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी ग्रे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

## चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

**बूझो तो जानें**





1. गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2. खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3. कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडीशनर



**जीके क्विज-155**

1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी
डॉ. अमिता दुबे

दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां



गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होतीं। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'

आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।


समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *



**अंतर बताओ**

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ बादल के पीछे से सूर्य निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के हाथ के नीचे झूले का स्ट्रिंग अलग रंग का है। 3.लड़की हंस नहीं रही है, उसका मुंह बंद है। 4.लड़की के स्कर्ट का निचला बायां हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 5.झूले की सीट में दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ ऊपर झूले की स्ट्रिंग का पैटर्न अलग तरह का है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *



*__किताब:__ बांसुरी बजाने वाला खरगोश, __लेखिका:__ क्षमा शर्मा, __मूल्य:__ 125 रुपए, __प्रकाशक:__ साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*